www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

दा SUMMER न्यूज़

सूर्योदय सुबह 6:33 बजे
सूर्यास्त शाम 5:40 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-51 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रूपये • सोमवार 27 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

# अमेरिका से लॉरेंस गिरोह का गुर्गा लखविंदर डिपोर्ट, दिल्ली में काबू

## आरोपी पर 130 मामले दर्ज हैं और अब तक 36 गैंगस्टर विदेश से हो चुके हैं डिपोर्ट

समर न्यूज़ | गुरु ग्राम

संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर लखविंदर कुमार जो लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा है, उसे अमेरिका से डिपोर्ट कर दिल्ली लाया गया है। सीबीआई ने बताया कि शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर हरियाणा पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लिया। अधिकारियों के मुताबिक, लखविंदर पर हरियाणा में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें फिरौती, धमकी, अवैध हथियार रखना और हत्या की कोशिश शामिल है। हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर सीबीआई ने इंटरपोल के जरिए उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करावाया था। यह नोटिस 26 अक्टूबर 2024 को जारी हुआ था, जिसके बाद संयुक्त प्रयासों से आरोपी को 25 अक्टूबर 2025 को भारत वापस लाया गया।



लखविंदर कुमार।

### कैसे वापस लाया गया लखविंदर?




सीबीआई ने बताया कि विदेश मंत्रालय (MEA) और गृह मंत्रालय के सहयोग से इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सीबीआई ने भारत में अलग-अलग एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया ताकि लखविंदर को वापस लाया जा सके। अधिकारियों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में 130 से ज्यादा वांछित अपराधियों को इसी तरह भारत लाया गया है।

### कौन है गैंगस्टर सुनील सरदाना?

*बहुत सारे गैंगस्टर है जो भारत में कई वारदातें करने के बाद विदेशों में जा कर बैठ जाते है, इन्ही में से एक है सुनील सरदाना। जिस को एक और जुड़े हुए घटनाक्रम में गुरुग्राम पुलिस दिल्ली एयरपोर्ट पर हिरासत में लेगी। सुनील सरदानाने इस साल की शुरुआत में बॉलीवुड सिंगर फाजिलपुरिया पर फायरिंग की थी। माना जाता है कि सरदाना के बिश्नोई नेटवर्क से करीबी संबंध हैं और वह हरियाणा और दिल्ली NCR में कई क्रिमिनल ऑपरेशन में शामिल था।*

### मेनपाल धिल्ला को भी लाया गया वापस

*पिछले महीने भी सीबीआई ने हरियाणा पुलिस, विदेश और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर कुख्यात अपराध मेनपाल धिल्ला उर्फ सोनू कुमार को कंबोडिया से वापस लाया था। धिल्ला को हत्या, हत्या के प्रयास, अवैध हथियार और साजिश के मामलों में उम्रकैद की सजा मिली हुई है। यह मामला 2007 में बहादुरगढ़ थाने में दर्ज FIR नंबर 276 से जुड़ा था।*

### अब तक 36 गैंगस्टर हुए भारत डिपोर्ट

*अधिकारियों का कहना है कि बिश्नोई गैंग और उससे जुड़े क्रिमिनल नेटवर्क के कई दूसरे सदस्य अभी कनाडा, UAE और यूरोप में निगरानी में हैं। भारतीय एजेंसियां इन देशों के साथ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस और द्विपक्षीय एक्सट्रैडिशन रिक्वेस्ट के जरिए उन्हें वापस लाने के लिए काम कर रही हैं। इस साल अब तक, 36 गैंगस्टरों को भारत डिपोर्ट किया जा चुका है, जो विदेश में छिपे भगोड़ों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है।*


सिंगर हंसराज रघुवंशी को जान से मारने की धमकी

# लॉरेंस गिरोह के नाम पर 15 लाख की रंगदारी मांगी

▪ एमपी के युवक पर मोहाली में एफआईआर दर्ज

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

प्रसिद्ध भजन "मेरा भोला है भंडारी, करता नंदी की सवारी" से चर्चित हुए गायक हंसराज रघुवंशी को परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी गई है। उनसे 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। आरोपी खुद को लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह का सदस्य बताता है। सिंगर के सिक्योरिटी गार्ड विजय कटारिया की शिकायत पर मोहाली के जीरकपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, आरोपी मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी राहुल कुमार नागड़े है। वह तीन साल पहले उज्जैन के महाकाल मंदिर में हुए हंसराज के कार्यक्रम में मिला था। इसके बाद वह खुद को गायक का प्रशंसक बताते हुए उनके मध्य प्रदेश में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होता रहा। विजय ने बताया कि नागड़े ने "राहुल रघुवंशी" नाम से सोशल मीडिया अकाउंट बनाया और हंसराज से उसे फॉलो करवाया। साल 2023 में वह उनकी शादी में भी शामिल हुआ और उस दौरान परिवार और टीम के कई सदस्यों के मोबाइल नंबर हासिल कर लिए। इसके बाद उसने खुद को सिंगर का छोटा भाई बताकर लोगों से पैसे और महंगे गिफ्ट ठगने शुरू कर दिए। कई लोगों ने सिंगर की टीम को शिकायतें भेजीं कि आरोपी उनके नाम पर ठगी कर रहा है। जब हंसराज ने आरोपी को सोशल मीडिया पर अनफॉलो किया, तो नागड़े ने फोन और वॉट्सऐप के जरिए गायक, उनकी पत्नी कोमल सकलानी और परिवार को जान से मारने की धमकियां देना शुरू कर दीं। उसने दावा किया कि वह 2016 से लॉरेंस और गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़ा है।



सिंगर हंसराज।

### सोशल मीडिया पर फर्जी पोस्ट

*पैसे न देने पर आरोपी ने अगस्त 2025 में फेसबुक पर सिंगर और उनके परिवार के खिलाफ झूठे आरोपों वाले पोस्ट डाल दिए। बाद में उसने कॉल पर कहा कि किसी ने उसे हंसराज रघुवंशी की हत्या के लिए दो लाख रुपये दिए हैं। जीरकपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2), 308 (5), 67 के तहत केस दर्ज किया है। रायसेन नागडे के खिलाफ मध्यप्रदेश में भी केस दर्ज है।*

## न्यूज़ ब्रीफ

### पंजाब के कपूरथला में AQI 1000 पार

**नई दिल्ली|** ठंड की शुरुआत के साथ ही दिल्ली-एनसीआर पर स्मॉग की मोटी चादर छा गई है। हवा की गुणवत्ता कई इलाकों में खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। दिवाली के बाद से दिल्ली की हवा लगातार ज़हरीली बनी हुई है। रविवार सुबह आनंद विहार और वजीरपुर में AQI 400 से ऊपर दर्ज हुआ, जबकि पंजाब के कपूरथला में यह 1000 पार पहुंच गया, जो अत्यंत ख़तरनाक स्तर है। लोकल सर्किल्स सर्वे के मुताबिक, दिल्ली-NCR के 42% लोगों को गले में खराश और 25% परिवारों में सांस की समस्या देखी जा रही है। पराली जलाने की घटनाओं में 77.5% की कमी आने के बावजूद वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है।

### न्यायाधीश के घर पर हमला, मामला दर्ज

**अनुपपर|** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में शुक्रवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) अमनदीप सिंह चावड़ा के सरकारी आवास पर हमला कर दिया। हमलावरों ने घर में पथराव किया, गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने बताया कि वारदात रात करीब 12:30 बजे की है, जब न्यायाधीश परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। हमलावरों ने गेट पर लगे लैंप और लोहे की फिटिंग को भी तोड़ दिया। न्यायाधीश के बाहर आने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। भालूमाड़ा थाने में न्यायाधीश की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### महिला डॉक्टर सुसाइड केस में दूसरी गिरफ्तारी

**मुंबई|** महाराष्ट्र में महिला डॉक्टर की आत्महत्या मामले में दूसरी गिरफ्तारी हुई है। फरार चल रहा सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने शनिवार शाम फलटण ग्रामीण पुलिस थाने में सरेंडर हुआ, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। इससे पहले पुलिस ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बांकर को गिरफ्तार किया था, जिस पर दुष्कर्म और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। 23 अक्टूबर को फलटण सिविल अस्पताल की डॉक्टर होटल के कमरे में फांसी पर लटकी मिली थीं। उनकी हथेली पर गोपाल बदने और प्रशांत बांकर के नाम लिखे थे। चार पन्नों के सुसाइड नोट में डॉक्टर ने एक सांसद और उसके दो निजी सहायकों पर भी फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 814687702 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

# इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर नए मेट्रो स्टेशन को बनाने का प्लान

» टर्मिनल-1 और 3 की कनेक्टिविटी को बढ़ाने की होगी पहल

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और टर्मिनल-3 के बीच बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक नया मेट्रो स्टेशन बनाने की योजना तैयार की गई है। यह जानकारी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ विदेह कुमार जयपुरियार ने दी। जयपुरियार ने बताया कि पहले गोल्डन लाइन सिर्फ एरोसिटी तक ही प्रस्तावित थी, लेकिन अब इसे टर्मिनल-1 तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा, "हमने दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को इस विस्तार के लिए मना लिया है।
नई मेट्रो लाइन टर्मिनल-1 से एरोसिटी तक जाएगी, और वहां से मौजूदा एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन आगे की यात्रा को जोड़ देगी।" एरोसिटी में एक एकीकृत (इंटीग्रेटेड) स्टेशन बनाने की भी तैयारी चल रही है, जिससे गोल्डन लाइन और एयरपोर्ट मेट्रो लाइन के बीच सीधा संपर्क संभव होगा। अधिकारी के अनुसार, इससे यात्रियों को टर्मिनल-1 और टर्मिनल-3 के बीच यात्रा करने में काफी आसानी होगी, खासकर उन यात्रियों के लिए जो फ्लाइट ट्रांसफर के दौरान दोनों टर्मिनलों के बीच आते-जाते हैं।



## दिल्ली हवाई अड्डे पर 170 ग्राम सोने के साथ युवक गिरफ्तार




एजेंसी | नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दिल्ली सीमा शुल्क विभाग ने एक यात्री को 170 ग्राम सोने के साथ गिरफ्तार किया है। यह सोना दुबई से उड़ान संख्या AI-996 से भारत आए एक यात्री के पास से बरामद किया गया। यात्री का फ्लाइट गेट तक सावधानीपूर्वक पीछा किया गया और ग्रीन चैनल से बाहर निकलने की कोशिश करते समय उसे रोक लिया गया। उसके सामान की एक्स-रे जांच के दौरान अधिकारियों को कुछ संदिग्ध तस्वीरें मिलीं। गहन जांच के दौरान एक प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन के नीचे चालाकी से एक सोने की गेंद छिपाई गई थी। बरामद सोने का वजन 170 ग्राम था जिसे सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया।

## सलमान के बलूचिस्तान को अलग देश बताने पर भड़का पाकिस्तान

**नई दिल्ली|** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने हाल ही में सऊदी अरब में एक कार्यक्रम के दौरान बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग देश बताया था, जिससे पड़ोसी देश नाराज हो गया और पाकिस्तान के शाहबाज शरीफ ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को आतंकवादी घोषित कर दिया। इस संबंध में पाकिस्तान के गृह मंत्रालय की ओर से एक अधिसूचना भी जारी की गई है। पाकिस्तान के गृह विभाग ने सलमान खान को चौथी अनुसूची में डाल दिया है यानी उन्हें आतंकवादी घोषित कर दिया है। यह सूची आतंकवाद निरोधक अधिनियम के अंतर्गत आती है। इसमें शामिल व्यक्ति के खिलाफ पाकिस्तान में कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना भी जारी की गई है हालांकि सलमान खान या उनके प्रतिनिधियों ने इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। गौरतलब है कि सऊदी अरब में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में उन्होंने कहा था कि बलूचिस्तान के लोग हैं अफगानिस्तान के लोग हैं, पाकिस्तान के लोग हैं। सऊदी अरब में हर कोई कड़ी मेहनत कर रहा है और इसी बयान में उन्होंने बलूचिस्तान का नाम पाकिस्तान से अलग कर दिया। सलमान खान के उपरोक्त बयान के बाद जहां पाकिस्तान में गुस्सा है वहीं बलूचिस्तान के अलगाववादी नेता इससे खुश हैं और सलमान खान का शुक्रिया अदा कर रहे हैं।

# कैलिफोर्निया सड़क दुर्घटना मामले में अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी



समर न्यूज़ | चंडीगढ़

कैलिफोर्निया में एक हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। जिसके बाद पंजाबी ट्रक ड्राइवर जशनप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन जशनप्रीत सिंह ने शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोपों से इनकार किया है और खुद को निर्दोष बताया है। वहीं, जशनप्रीत सिंह के परिवार ने दावा किया है कि वह एक अमृतधारी सिख हैं और उन्होंने कभी शराब नहीं पी है। जबकि एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि वह शराब के नशे में गाड़ी चला रहे थे और ब्रेक नहीं लगा पाए जिसके कारण यह हादसा हुआ। इस मामले में अगली सुनवाई अब 4 नवंबर को होगी। गौरतलब है कि होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने कहा था कि जशनप्रीत 2022 में बाइडेन प्रशासन के दौरान भारत से अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल हुए थे। उनके पास सेमी-ट्रक चलाने के लिए कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस है। जशनप्रीत सिंह का लाइसेंस एक संघीय रियल आईडी है, जिसे वह प्राप्त करने के हकदार थे क्योंकि संघीय सरकार ने उन्हें कानूनी दर्जा दिया था। वहीं कैलिफोर्निया ने जशनप्रीत के कार्यकाल को बढ़ाने के लिए ट्रम्प प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है, जबकि ट्रम्प प्रशासन ने दावा किया कि कैलिफोर्निया ने जशनप्रीत को ड्राइविंग जारी रखने की अनुमति देकर संघीय कानून का उल्लंघन किया है, जबकि उसे अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए था।

### विदेश मंत्रालय तत्काल करे हस्तक्षेप : सुखबीर बादल

*शिरोमणि अकाली दल ने इस प्रकरण को गंभीर और संवेदनशील बताते हुए अमेरिकी अधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की है। सुखबीर बादल ने कहा "विदेश में रह रहे एक भारतीय सिख युवक को न्याय और संवेदना दोनों की जरूरत है। भारत सरकार को इस मामले में तत्काल दखल देना चाहिए।" उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से अपील की कि वे अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क कर यह सुनिश्चित करें कि जशनप्रीत के कानूनी अधिकार और धार्मिक अस्मिता सुरक्षित रहें। सुखबीर बादल ने यह भी चिंता जताई कि जशनप्रीत को अमेरिकी अदालत में बिना पगड़ी के पेश किया गया। उन्होंने कहा कि यह सिख धर्म की मर्यादा और पहचान का गंभीर उल्लंघन है। परिवार ने उम्मीद जताई कि भारत सरकार मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए अमेरिका से निष्पक्ष जांच की मांग करेगी, ताकि जशनप्रीत का नाम बेदाग साबित हो सके और उसे न्याय मिल सके।*

## पेज 1 एंकर

## एजुकेट गर्ल्स' बनी पहली भारतीय एनजीओ जिसे मिला रेमन मैग्सेसे अवॉर्ड

# सेफीना ने बदली लाखों की ज़िंदगी, शिक्षा को बनाया सशक्तीकरण का हथियार

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत की गैर-सरकारी संस्था 'एजुकेट गर्ल्स' ने इतिहास रच दिया है। ग्रामीण इलाकों में स्कूल से बाहर रहने वाली बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने वाली इस संस्था को 2025 का रेमन मैगसायसाय अवॉर्ड मिला है। यह अवॉर्ड एशिया का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है, जिसे अक्सर 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है। फिलिपींस की रेमन मैगसायसाय अवॉर्ड फाउंडेशन ने रविवार को यह घोषणा की। 'एजुकेट गर्ल्स' पहली भारतीय संस्था बनी है जिसे यह सम्मान मिला है। इसके अलावा इस साल मालदीव की शाहिना अली (पर्यावरण संरक्षण के लिए) और फिलीपींस के फ्लेवियानो एंटोनियो एल. विलानुएवा (गरीबों की सेवा के लिए) को भी यह पुरस्कार दिया गया है।




### ▪ क्यों मिला एजुकेट गर्ल्स को सम्मान...



सेफीना हुसैन।

*आरएमएएफ के मुताबिक, यह सम्मान संस्था को "कन्या शिक्षा के माध्यम से लैंगिक भेदभाव को खत्म करने, महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के असाधारण प्रयासों" के लिए दिया गया है। 'एजुकेट गर्ल्स' की स्थापना 2007 में सेफीना हुसैन ने की थी, जो लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स की स्नातक हैं। सैन फ्रांसिस्को में कार्यरत रहते हुए उन्होंने भारत लौटकर लड़कियों की शिक्षा की दिशा में काम शुरू किया।*

### राजस्थान से शुरुआत, अब दो मिलियन से ज्यादा लड़कियों तक पहुंच

*संस्था ने राजस्थान के पिछड़े गांवों से शुरुआत की, जहां लड़कियों की शिक्षा दर बेहद कम थी। एजुकेट गर्ल्स ने इन समुदायों में जाकर स्कूल से बाहर बच्चियों को दोबारा कक्षा में लाने और उन्हें उच्च शिक्षा तक बनाए रखने का अभियान चलाया। 2015 में संस्था ने शिक्षा क्षेत्र में दुनिया का पहला डेवलपमेंट इम्पैक्ट बॉन्ड लॉन्च किया, जिसमें वित्तीय सहायता को परिणामों से जोड़ा गया। आज यह पहल 30,000 से ज्यादा गांवों और 20 लाख से अधिक लड़कियों तक पहुंच चुकी है, जिनमें 90% से अधिक रिटेंशन रेट दर्ज किया गया है।*

**▪ 'प्रगति' कार्यक्रम से नई उम्मीद...**

*'एजुकेट गर्ल्स' ने 'प्रगति' नामक एक ओपन-स्कूलिंग प्रोग्राम भी शुरू किया है, जो 15 से 29 वर्ष की महिलाओं को अपनी पढ़ाई पूरी करने और नए अवसरों से जुड़ने का मौका देता है। शुरुआत में इसमें सिर्फ 300 छात्राएं थीं, जो अब बढ़कर 31,500 से अधिक हो चुकी हैं।*

**▪ पुरस्कार समारोह और प्रतिक्रिया...**

*67वां रेमन मैगसायसाय अवॉर्ड समारोह 7 नवंबर 2025 को मनीला के मेट्रोपॉलिटन थिएटर में आयोजित होगा। विजेताओं को राष्ट्रपति रेमन मैगसायसाय की छवि वाला स्वर्ण पदक, एक प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार दिया जाएगा। संस्थापक सेफीना हुसैन ने कहा "यह केवल एजुकेट गर्ल्स के लिए नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए ऐतिहासिक पल है। यह सम्मान भारत के उस जन-आंदोलन की पहचान है जो एक बच्ची से शुरू हुआ और अब लाखों तक पहुंच चुका है।"*


**▪ भारत के पिछले विजेता...**

*भारत से पहले यह अवॉर्ड मदर टेरेसा (1962), जयप्रकाश नारायण (1965), सत्यजीत रे (1967), अरुणा रॉय (2000), किरण बेदी (1994), अरविंद केजरीवाल (2006), सोनम वांगचुक (2018) और रवीश कुमार (2019) जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को मिल चुका है।*

# कनाडा में 27 वर्षीय अमनप्रीत की हत्या

कुलवीर नमोल | संगरूर
समर न्यूज़

कनाडा के ओंटारियो प्रांत से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। पंजाब के संगरूर जिले की 27 वर्षीय अमनप्रीत सैनी की हत्या कर दी गई। उसकी लाश ओंटारियो के लिंकन स्थित चार्ल्स डेली पार्क में 21 अक्टूबर को बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक अमनप्रीत के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं जिससे साफ है कि उसकी हत्या की गई है। अमनप्रीत पिछले चार साल से कनाडा में रह रही थी जबकि उसका परिवार संगरूर के प्रेम बस्ती इलाके में रहता है। उसकी बहन ओंटारियो में ही रहती है उसने अमनप्रीत की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी जिसके बाद यह दर्दनाक मामला सामने आया। पुलिस ने इस हत्याकांड में 27 वर्षीय ब्रैम्पटन निवासी मनप्रीत सिंह को मुख्य संदिग्ध आरोपी घोषित किया है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच अधिकारियों को शक है कि आरोपी देश छोड़कर भाग गया है। पुलिस का कहना है कि यह एक टारगेटेड हत्या थी और आम जनता की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है। यह घटना कनाडा में रह रहे पंजाबी समुदाय को हिला देने वाली है। परिवार और स्थानीय समुदाय ने न्याय की मांग की है और उम्मीद जताई है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार होगा।



# ‘युद्ध नशों विरुद्ध’ के 239वें दिन पंजाब पुलिस ने 1.1 किलो हेरोइन सहित 66 नशा तस्कर किए गिरफ्तार

**» नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 30 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का उपचार लेने के लिए किया तैयार**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब पुलिस ने राज्य से नशे के पूरी तरह उन्मूलन के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान “युद्ध नशों विरुद्ध” के 239वें दिन आज राज्यभर में 261 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 57 एफआईआर दर्ज कर 66 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पिछले 239 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या बढ़कर 34,175 हो गई है।

इन छापों के परिणामस्वरूप गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 1.1 किलो हेरोइन, 1331 नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 3200 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सभी पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के सख्त निर्देश दिए हैं। नशा विरोधी इस जंग की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पाँच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

इस ऑपरेशन के दौरान 47 गज़टेड अधिकारियों की निगरानी में 700 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 261 स्थानों पर छापेमारी की। इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 280 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशे के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - एन्फोर्समेंट, डी-अडिक्शन और प्रिवेंशन (ई डी पी) - लागू की हुई है। इसी रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने आज 30 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।




# बागवानी विभाग की मदद से पॉलीहाउस खेती से 14 लाख रुपये तक का मुनाफा कमा रहा है लुधियाना का किसान

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के बागवानी मंत्री श्री मोहिंद्र भगत के निर्देशों के तहत बागवानी विभाग राज्य में फसली विविधता को प्रोत्साहित करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए तेजी से काम कर रहा है। राज्य सरकार की किसान-हितैषी योजनाएं किसानों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। पंजाब सरकार किसानों को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है।

बागवानी निदेशक श्रीमती शैलेंद्र कौर ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए जिला लुधियाना के गांव सराभा का किसान हरबीर सिंह आज पॉलीहाउस खेती से अच्छा मुनाफा कमा रहा है और अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुका है।

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद हरबीर ने नौकरी की बजाय खेती को अपना मुख्य व्यवसाय चुना और पारंपरिक खेती को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर नए मानदंड स्थापित किए।

किसान हरबीर सिंह का कहना है कि बागवानी विभाग की ओर से उसे पॉलीहाउस खेती से संबंधित पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आज वह पॉलीहाउस के तहत बीजरहित खीरा, रंगीन शिमला मिर्च, खरबूजे, आलू और मेथी की खेती कर 12 से 14 लाख रुपये तक का औसत मुनाफा कमा रहा है।

किसान हरबीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 में पारंपरिक ढंग से सब्जियों की खेती में बदलाव करते हुए उसने करतरपुर स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सब्जियां) से प्रशिक्षण प्राप्त किया। उसने बताया कि बागवानी विभाग के अधीन चल रही योजना ‘राष्ट्रीय बागवानी मिशन’ के अंतर्गत सब्सिडी लेकर पॉलीहाउस लगाया। इस पॉलीहाउस में रंगीन शिमला मिर्च और बीजरहित खीरे की खेती शुरू की।इस खेती के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए वह समय-समय पर बागवानी विभाग के अधिकारियों से संपर्क करता रहा। किसान ने बताया कि खेती में पूरी मेहनत, काम के प्रति समर्पण, समस्याओं को गहराई से समझना और बागवानी विभाग के अधिकारियों से मिली सहायता ही उसकी सफलता की कुंजी है।


# बुढ़ापा पेंशन के तहत 23 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिल रहा है लाभ

**» “हमारे बुज़ुर्ग हमारा मान” मान सरकार बुज़ुर्गों के सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध**

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने जानकारी दी है कि पंजाब सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बुढ़ापा पेंशन योजना के तहत अब तक 2400.70 करोड़ की राशि जारी की जा चुकी है।

डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 23 लाख से अधिक लाभार्थियों को नियमित रूप से लाभ पहुंचाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने बुढ़ापा पेंशन योजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 4100 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया है, ताकि प्रत्येक बुज़ुर्ग को समय पर उसकी पेंशन प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार बुज़ुर्गों को राज्य का गौरव मानती है, इसलिए


डॉ. बलजीत कौर

उनके सम्मान और सुरक्षा को बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मान सरकार हर बुज़ुर्ग की गरिमा और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है। यह पेंशन योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि बुज़ुर्गों के प्रति सरकार के सम्मान और उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि “हमारे बुज़ुर्ग हमारा मान हैं”, इसलिए उनकी पेंशन समय पर जारी की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाढ़ प्रभावित जिलों के किसानों को मुफ्त गेहूं के बीज वितरण की शुरुआत

समर न्यूज़ | अमृतसर

राज्य के बाढ़ पीड़ितों के साथ किए गए एक और वादे को पूरा करते हुए, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने हाल ही में आई बाढ़ के दौरान लगभग पांच लाख एकड़ जमीन में अपनी फसल गंवाने वाले किसानों को दो लाख क्विंटल गेहूं के बीज मुफ्त प्रदान करने के लिए आज सात ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के कारण राज्य के किसानों को अनगिनत मुश्किलों का सामना करना पड़ा है और सरकार इस गंभीर संकट की घड़ी में राज्य के किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आई बाढ़ के कारण राज्य के किसानों को भारी नुकसान सहना पड़ा है, जिसके चलते राज्य सरकार ने उन्हें 74 करोड़ रुपए के दो लाख क्विंटल बीज मुफ्त प्रदान करने का फैसला किया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिलों के किसानों को मुफ्त बीज वितरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है और इसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।





किसानों के लिए मुफ्त गेहूं के बीज ले जा रहे 7 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेहनती किसानों ने देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य के किसान बाढ़ के कारण बड़े संकट का सामना कर रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार उन्हें इस समस्या से बाहर निकालने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इन किसानों को आगामी रबी की फसल बोने में मदद करने के लिए गेहूं के बीज मुफ्त प्रदान किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के दौरान हुई तबाही के कारण किसानों के लिए पैदा हुई मुश्किलों को कम करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किया गया यह एक छोटा सा प्रयास है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन बाढ़ों के कारण हुई तबाही का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, क्योंकि पंजाब को पहले कभी इतना नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य के मेहनती, बहादुर और दृढ़ किसानों ने बाढ़ के कहर का डटकर सामना किया है और वे राष्ट्रीय खाद्य पूल में अनाज का योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

मुख्यमंत्री ने दुख व्यक्त किया कि बाढ़ के कारण 2,300 से अधिक गांव डूब गए, 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए और पांच लाख एकड़ जमीन में फसलें तबाह हो गईं। उन्होंने कहा कि दुख की बात यह है कि इन बाढ़ों के दौरान 56 लोगों की जान चली गई और लगभग सात लाख लोग बेघर हो गए।

उन्होंने कहा कि 3,200 सरकारी स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए, 19 कॉलेज मलबे में तब्दील हो गए, 1,400 क्लीनिक और अस्पताल बर्बाद हो गए, 8,500 किलोमीटर सड़कें तबाह हो गईं और 2,500 पुल ढह गए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्रारंभिक अनुमानों के अनुसार लगभग 13,800 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, हालांकि वास्तविक आंकड़ा इससे भी अधिक हो सकता है।

# सार्वजनिक निजी भागीदारी के जरिये निवेश के नए मोके सृजित करने और विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निवेशक सम्मेलन करवाया

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पी.पी.पी.) के माध्यम से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे से संबंधित परियोजनाओं में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से पंजाब बुनियादी ढांचा विकास बोर्ड (पी.आई.डी.बी.) के नेतृत्व में चंडीगढ़ में निवेशक सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस आयोजन के दौरान पी.आई.डी.बी., पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले विभाग और आवास निर्माण एवं शहरी विकास विभाग के अधिकारी, संभावित परियोजना निवेशक और डेवलपर तथा ट्रांजेक्शन सलाहकारों सहित प्रमुख साझेदारों ने संभावित पर्यटन और आतिथ्य परियोजनाओं की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया। इसका उद्देश्य निवेश के नए अवसर उत्पन्न करना और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में सतत विकास को प्रोत्साहित करना था।

इस बैठक के दौरान निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पी.पी.पी. के तहत शुरू की जाने वाली 06 पर्यटन और आतिथ्य परियोजनाओं की प्रस्तुति दी गई, जिनमें अमृतसर में अर्बन रोपवे परियोजना, सरहिंद के आम-खास बाग में विरासती होटल, रोपड़ के आम-खास बाग में पिंकासिया टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स, कपूरथला के दरबार हाल में विरासती होटल, मोहाली में कन्वेंशन सेंटर कम प्रदर्शनी केंद्र और लुधियाना में कन्वेंशन सेंटर कम प्रदर्शनी केंद्र से संबंधित कार्य शुरू करना शामिल है।

इस बैठक में परियोजनाओं की संभावनाओं, समय-सीमाओं और कानूनी स्वीकृतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर पी.पी.पी. फ्रेमवर्क पर चर्चा की गई, जिसमें प्रतिस्पर्धी बोली की प्रक्रिया और राजस्व-साझा मॉडल शामिल थे। परियोजना से संबंधित नियमों को भरोसेमंद और निवेशक अनुकूल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। साथ ही, अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए परियोजना से संबंधित शर्तों में संशोधन और उन्हें निवेशक अनुकूल बनाने हेतु निवेशकों को अपनी प्रतिक्रिया साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

यह बैठक जन और निजी क्षेत्रों के बीच सार्थक संवाद शुरू करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगी, जिसका उद्देश्य पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना और पंजाब आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

राज्य सरकार ने निवेशकों के लिए पारदर्शी और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, विश्व स्तरीय पर्यटन और आतिथ्य बुनियादी ढांचे के विकास में निजी क्षेत्र के साथ निरंतर सहयोग की आशा व्यक्त की।

# लुधियाना में कारोबारी से 5 लाख की फिरौती मांगने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**» डर के मारे कारोबारी ने किए 3.45 लाख रुपए ट्रांसफर**

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में गिल चौक स्थित एयर टिकट और मनी ट्रांसफर की दुकान चलाने वाले एक कारोबारी से 5 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। थाना डिवीजन नंबर 6 की पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

थाना डिविजन 6 की पुलिस को जनता नगर निवासी सुराज मोहम्मद ने बताया कि 22 सितंबर को उसे व्हाट्सएप कॉल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी कि अगर वह अपनी और परिवार की जान बचाना चाहता है, तो 5 लाख रुपए एक खाते में ट्रांसफर करे। कॉल करने वाले ने खुद को “हरविंदर ऑस्ट्रेलिया” बताया और विदेश से बात करने का दावा किया।धमकी से डरे कारोबारी ने आरोपियों द्वारा दिए गए खाते में 3 लाख 45 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। कुछ दिनों बाद आरोपियों ने फिरौती की दोबारा मांग की और सफेद रंग की आई-20 कार (HR11R-9699) में दो युवकों को कारोबारी के दफ्तर के बाहर पैसे लेने भेजा। कारोबारी के भाई ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे फरार हो गए।

पुलिस ने जांच के बाद अभिषेक और प्रद्युमन नामक दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से वही आई-20 कार और दो आईफोन बरामद किए गए हैं, जिनसे धमकी भरे कॉल किए गए थे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ जारी है ताकि तीसरे फरार आरोपी और इस पूरे गिरोह के नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

# शादी से चंद घंटे पहले दुल्हन की मौत, खुशियों में छाया मातम

**» वीडियो कॉल के माध्यम से कुछ समय पहले हुई थी सगाई**

समर न्यूज़ | फरीदकोट

पंजाब के फरीदकोट जिले के गांव बरगाड़ी में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। जिस घर में खुशियों की गूंज थी, वहां कुछ ही घंटों में मातम पसर गया। शादी से कुछ घंटे पहले ही दुल्हन की मौत हो जाने से पूरा परिवार सदमे में है। ग्रामीण इस दर्दनाक घटना को अब तक यकीन नहीं कर पा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, बरगाड़ी निवासी पूजा की शादी 24 अक्तूबर को नजदीक गांव राऊवाला के युवक से तय थी, जो दुबई में काम करता है। दोनों की सगाई कुछ समय पहले वीडियो कॉल के माध्यम से हुई थी। कुछ दिन पहले ही दूल्हा दुबई से भारत लौटा था और परिवार दोनों ओर से शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। रिश्तेदारों के घर आने-जाने का सिलसिला जारी था और घर पूरी तरह से सजा हुआ था।

शादी से एक दिन पहले यानी 23 अक्तूबर की रात को दुल्हन के घर पर पारंपरिक ‘जागो’ कार्यक्रम चल रहा था। परिवार और रिश्तेदार खुशी में झूम रहे थे। पूजा भी पूरे उत्साह के साथ नाच-गाना कर रही थी और शादी के लिए बेहद उत्साहित थी। लेकिन किसे पता था कि यह उसकी जिंदगी की आखिरी रात होगी।

रात करीब दो बजे अचानक पूजा की नाक से खून बहने लगा। परिवार ने तुरंत उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में डॉक्टरों ने दिल का दौरा आने की आशंका जताई है। परिवार के अनुसार पूजा को पहले कभी कोई गंभीर बीमारी नहीं थी जिससे सभी और भी अधिक हैरान हैं। इस हादसे से घर की खुशियां मातम में बदल गईं। जिस मंडप को फूलों से सजाया गया था अब वहां सन्नाटा पसरा हुआ है। रिश्तेदार जो शादी में शामिल होने आए थे अब अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे हैं। हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध है। गांव में शोक की लहर फैल गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पूजा बेहद खुशमिजाज, मिलनसार और सबकी चहेती थी। गांव के लोगों को उसकी मुस्कान और व्यवहार हमेशा याद रहेगा। किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि जिस दिन उसके घर से बारात निकलनी थी उसी दिन उसकी अर्थी उठेगी।

# डॉ. तरुणजीत सिंह बुतालिया को ग्लोबल इंटरफेथ कॉन्फ्रेंस से मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड




समर न्यूज़ | चंडीगढ़

रिलिजंस फॉर पीस अमेरिका के कार्यकारी निदेशक डॉ. तरुणजीत सिंह बुतालिया को लाहौर स्थित मिन्हाज विश्वविद्यालय में अंतरधार्मिक सद्भाव और सिख विरासत के संरक्षण के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार विश्व धर्मों पर आयोजित आठवें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया, जहाँ मिन्हाज विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. हुसैन कादरी और कुलपति डॉ. एस.एम. शहजाद ने डॉ. बुटालिया को सम्मानित किया। इसी समारोह में क्रिश्चियन स्टडी सेंटर, रावलपिंडी के निदेशक बिशप सैमुअल रॉबर्ट अजारिया को भी राष्ट्रीय लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस वैश्विक सम्मेलन में “लचीले समाजों का निर्माणः कट्टरपंथ को उसकी जड़ों से रोकना” विषय पर प्रमुख धार्मिक विद्वानों और वैश्विक धार्मिक हस्तियों ने भाग लिया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद डॉ. बुतालिया ने विश्वविद्यालय और सम्मेलन आयोजकों को धन्यवाद दिया और इस पुरस्कार को दुनिया भर में अंतरधार्मिक सहयोग को बढ़ावा देने वालों के सामूहिक प्रयासों के लिए एक प्रोत्साहन बताया। स्थायी प्रभाव और अंतरधार्मिक नेतृत्व के क्षेत्र में उनके अद्वितीय स्थान के लिए प्रशंसा की गई।

# बरवाला में पुलिस ने बिना नंबर प्लेट 8 बाइक के काटे चालान

**» 1 बाइक का 23 हजार का चालान कर इंपाउंड किया » लाउडस्पीकर की मदद से रास्तों से अतिक्रमण भी हटाया, चेतावनी भी दी गई**

समर न्यूज़ | बरवाला

डीसीपी ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में आज बरवाला क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक अनुशासन को ध्यान में रखते हुए व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान का संचालन सुरजपुर ट्रैफिक एसएचओ की अगुवाई में बरवाला मार्केट एरिया में किया गया जहां टीम ने बिना नंबर प्लेट चलाए जा रहे दोपहिया वाहनों की जांच की। इस दौरान कुल 8 चालान जारी किए गए, जिनमें गंभीर उल्लंघन के मामले में एक बाइक का 23,000 रुपये का चालान काटकर उसे मौके पर ही इंपाउंड कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान मार्केट क्षेत्र में अनियमित पार्किंग और सड़क कब्जे से लगने वाले जाम की समस्या पर भी सख्त रुख अपनाया गया। पुलिस टीम ने दुकानदारों और फुटपाथ पर ठेला लगाने वालों को लाउडस्पीकर के माध्यम से चेतावनी देते हुए तुरंत रास्ता खाली करवाया। सभी व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे सार्वजनिक मार्ग पर सामान या ठेला लगाकर रास्ता बाधित न करें, अन्यथा ट्रैफिक नियमों के तहत चालान और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि जाम-मुक्त और सुरक्षित शहर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पुलिस लगातार सख्त अभियान चलाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बरवाला सहित पूरे जिले में ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगामी दिनों में भी ऐसे संयुक्त अभियान जारी रहेंगे ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके तथा आम नागरिक सुगम आवागमन का अनुभव कर सकें।





# संगरूर के चन्नो गांव में पराली के डंप में भयानक आग



समर न्यूज़ | संगरूर

पंजाब के संगरूर जिले के चन्नो गांव में देर रात पराली के बड़े डंप में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि इस डंप में करीब 120 ट्रॉली पराली रखी हुई थी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरा डंप धू-धू कर जल उठा। डंप के मालिक रणजीत सिंह निवासी बौड़ा कला ने बताया कि उन्होंने 13 एकड़ जमीन ठेके पर लेकर यह पराली का डंप तैयार किया था। रात करीब 11 बजे उन्हें आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने तुरंत चन्नो पुलिस चौकी को फोन किया और गांव के सरपंच ने खुद चौकी इंचार्ज से बात भी की, लेकिन सुबह तक कोई पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। गांववालों ने खुद फायर ब्रिगेड को सूचना दी। करीब 20-25 मिनट बाद चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि सुबह 8 बजे तक भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। फिलहाल दो फायर गाड़ियां लगातार आग बुझाने में जुटी हैं। रणजीत सिंह ने बताया कि इस आगजनी में उनका लगभग 23 से 24 लाख रुपये का नुकसान हो गया है। उन्होंने आशंका जताई कि आग किसी शरारती तत्व द्वारा लगाई गई है, क्योंकि वहां किसी भी प्रकार का शॉर्ट सर्किट नहीं हुआ था। ग्रामीणों ने प्रशासन की लापरवाही पर भी नाराज़गी जताई है। उनका कहना है कि फायर ब्रिगेड कर्मियों के अलावा अब तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। लोगों ने मांग की है कि घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

सा SUMMER न्यूज़

# समर प्राइम 3

www.summerexpress.in

27 अक्टूबर 2025

समर एक्सप्रेस

**हाथों में हथकड़ी...** सपनों की जगह सलाखें-अमेरिका से लौटे, 12 युवक फरवरी में लौटे थे डिपोर्ट होकर

# डिपोर्ट हो कैथल पहुंचे 14 युवक, डंकी रूट पर लाखों खर्चे, तीन को और भी आ सकते

समर न्यूज़ | कैथल

अवैध तरीके से अमेरिका में रह रहे भारतीयों को लगातार डिपोर्ट किया जा रहा है। कैथल के 14 युवकों को अमेरिका से डिपोर्ट कर भारत भेजा गया है। ये सभी युवक शनिवार शाम दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां से रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुलिस बस के जरिए कैथल लाए गए। जानकारी के अनुसार जिस विमान से ये युवक लौटे उसमें हरियाणा के करीब पचास लोग शामिल थे। सभी को हाथ-पैरों में हथकड़ी लगाई गई थी। फरवरी 2025 में भी कैथल के 12 युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर लौटे थे। अब यह दूसरी खेप है, जबकि डिपोर्ट होकर लौटे एक युवक ने बताया कि तीन नवंबर को भी अमेरिका से एक और जहाज आने वाला है। पुलिस लाइन में डीएसपी ललित यादव की देखरेख में युवकों से पूछताछ की गई और जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी की गई। पूछताछ के बाद 14 में से 13 युवकों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया, जबकि एक युवक नरेश कुमार पर राजौंद थाना में शराब तस्करी का केस दर्ज था जिसे किठाना चौकी पुलिस अपने साथ ले गई। बाद में कागजी प्रक्रिया के बाद उसे भी छोड़ दिया गया। पुलिस ने युवकों से एजेंटों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने को कहा, मगर किसी ने भी अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी। परिजन भी बदनामी के डर से मीडिया से बात करने से बचते नजर आए।



## मौत के जंगलों से गुज़रे युवक, अब लौटे सिर्फ एक बैग लेकर

डिपोर्ट होकर लौटे युवकों के पास केवल एक-एक बैग था। वे बताते हैं कि अमेरिका पहुंचने से पहले उन्हें पनामा, निकारागुआ और ग्वाटेमाला जैसे देशों के जंगलों से गुजरना पड़ा। डोंकर उन्हें ठीक से खाना भी नहीं देते थे। ज्यादातर ने अमेरिका पहुंचने के लिए 50 से 70 लाख रुपये खर्च किए किसी ने जमीन बेची, तो किसी ने कर्ज लेकर यह सफर शुरू किया। गांव तारागढ़ निवासी नरेश कुमार ने बताया कि वे नौ जनवरी 2024 को दिल्ली से ब्राजील रवाना हुए थे। पानीपत के एजेंट आशीष और सुनील ने उनसे अमेरिका पहुंचाने के नाम पर साढ़े 57 लाख रुपये लिए थे। उन्होंने गांव की एक एकड़ जमीन बेचकर 42 लाख रुपये जुटाए, बाकी राशि कर्ज पर ली। जून 2024 में उन्होंने डंकी रूट का सफर शुरू किया। नरेश ने बताया कि पनामा के जंगलों में डोंकरों ने छह लाख रुपये और लिए, फिर ग्वाटेमाला और मैक्सिको सिटी में भी लाखों वसूले गए। तेजवाना बॉर्डर पार कर अमेरिका पहुंचते ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वे कई महीनों तक जेल में रहे और अब डिपोर्ट कर भारत भेजे गए। डीएसपी ललित यादव ने बताया कि प्राथमिक पूछताछ में किसी भी युवक ने एजेंट के खिलाफ शिकायत नहीं दी है। यदि कोई शिकायत मिलती है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एक युवक के खिलाफ एक्साइज एक्ट का केस दर्ज है, जबकि बाकी 13 युवकों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

▪ पूर्व डीआईजी भुल्लर का विदेशी नेटवर्क बेनकाब

# दुबई में 2, कनाडा में 3 फ्लैट, लुधियाना में 20 दुकानें और 55 एकड़ जमीन निकली

दीपक कुमार | चंडीगढ़/माछीवाड़ा| समर न्यूज़

रिश्वतखोरी केस में गिरफ्तार पंजाब पुलिस के पूर्व डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की संपत्तियों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। सीबीआई जांच में



भुल्लर के विदेशों में भी करोड़ों की संपत्ति होने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, भुल्लर की दुबई में दो और कनाडा में तीन लग्जरी फ्लैटों की पहचान की गई है। इसके साथ ही लुधियाना में करीब 55 एकड़ कृषि भूमि और माछीवाड़ा क्षेत्र में 20 दुकानों की जानकारी भी मिली है। सीबीआई को शक है कि इन संपत्तियों में से कई कथित तौर पर दूसरों के नाम पर खरीदी गईं हैं। जांच एजेंसी ने भुल्लर का पासपोर्ट जब्त कर लिया है ताकि उनके विदेश दौरों का पूरा ब्योरा जुटाया जा सके। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि भुल्लर ने ड्यूटी के दौरान लगभग 10 बार दुबई की यात्रा की थी। सीबीआई अब उनकी विदेशी संपत्तियों के स्रोत और लेन-देन के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। आने वाले दिनों में और खुलासे की संभावना है।

## भुल्लर अकेला नहीं, विभाग में बड़े मगरमच्छ भी बैठे हैं : पूर्व डीजीपी सिद्धार्थ

पूर्व डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय ने निजी चैनल से बातचीत में कहा ऐसे अधिकारियों के बारे में मंत्रियों और वरिष्ठ अफसरों को सब पता होता है। जो रकम भुल्लर से बरामद हुई, वह एक-दो दिनों में नहीं आई। इसका मतलब साफ है कि यह सब जानते थे, पर कोई बोलने को तैयार नहीं था।” उन्होंने आगे कहा “भुल्लर जैसा अफसर अकेला नहीं है। उससे बड़े मगरमच्छ पुलिस विभाग में बैठे हैं, जो नेताओं, अफसरों और यहां तक कि जजों की जरूरतें पूरी करते आए हैं। भुल्लर की गिरफ्तारी के बाद भी सरकार और विपक्ष के बड़े नेता चुप हैं।

## दिलबाग सिंह कौन है, 55 एकड़ जमीन पर कौन अधिकारी करवाता था खेतीबाड़ी

माछीवाड़ा निकट गांव मंड शेरिया में डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर के फार्म हाउस पर सीबीआई की जांच होने के बाद और कई तरह के खुलासे होने शुरू हो गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इस फार्म हाउस में 55 एकड़ जमीन की खेतीबाड़ी एक पुलिस अधिकारी करवाता था। कुश गांव निवासियों ने अपना नाम ना छापने की सूरत में बताया कि जो पुलिस अधिकारी यहां खेती करवाता था, उसका नाम दिलबाग सिंह था सिर्फ इतना ही नहीं वो एक सब इंस्पैक्टर या इंस्पैक्टर रैंक का पुलिस अधिकारी है। जिस दिन डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर सीबीआई की गिरफ्त में आया था उसी दिन मंड शेरिया के फार्म हाउस से कुश वाहनों के जरिए सारा समान उठा लिया गया। अब देखने वाली बात यह है कि डीआईजी रहते हरचरण सिंह भुल्लर ने कैसे अपने पद का दुरुपयोग किया, पुलिस विभाग में उसका खौफ इतना था कि वो पुलिस अधिकारियों से अपने फार्म हाउस में काम करवाता था। क्या अब सीबीआई इस जांच तक जाएगी कि यह दिलबाग सिंह कौन है और पुलिस विभाग में इसकी पोस्टिंग कहां पर है। जांच का विषय यह भी है कि दिलबाग सिंह के अतिरिक्त और कितने पुलिस कर्मचारी उसके काम करते थे।

# पूर्व डीजीपी मुस्तफा के बेटे अकील की डायरी से सनसनी, 10 नोट मिले

▪ डायरी में नशे और साजिश का खुलासा, फोरेंसिक जांच जारी

समर न्यूज़ | पंचकुला

पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा के बेटे अकील अख्तर की मौत के बाद बरामद डायरी ने जांच की दिशा बदल दी है। यह डायरी 24 अक्टूबर की रात मुस्तफा परिवार ने सहारनपुर में पंचकूला पुलिस को सौंपी थी। एसआईटी को इसमें कुल 10 नोट मिले हैं, जिनमें से दो नोट में अकील ने अपनी नशे की लत का जिक्र किया है, जबकि एक में लिखा है “ये लोग मुझे रास्ते से हटा सकते हैं।” पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अकील की डायरी में वही बातें दर्ज हैं जो उसने 27 अगस्त को अपने सोशल मीडिया वीडियो में कही थीं, हालांकि कुछ पन्नों में विरोधाभासी बातें भी लिखी हैं। क्राइम सीन की करीब 7 घंटे चली जांच के दौरान एसआईटी और फोरेंसिक टीम को अकील के कमरे से ड्रग्स से जुड़ी संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। इन सभी वस्तुओं को जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेजा



गया है। डायरी में लिखे नोट्स की लिखावट की पुष्टि के लिए उन्हें हैंडराइटिंग एक्सपर्ट को भेजा जाएगा। इसके लिए पुलिस अकील के सरकारी रिकॉर्ड, परीक्षा कॉपी, बैंक दस्तावेज और अन्य फॉर्म से सैंपल जुटाएगी। मौत की असली वजह पता लगाने के लिए विसरा सैंपल और बॉडी पाट्र्स को दो अलग-अलग फोरेंसिक लैब में भेजा गया है। टीम ने लैब को छह अहम सवाल भी भेजे हैं, जिनके जवाब जांच को दिशा दे सकते हैं। एसआईटी को अब तक वह मोबाइल फोन नहीं मिला है जिसमें अकील ने आखिरी वीडियो रिकॉर्ड किया था।

# लुधियाना के वार्ड नंबर-87 के 15 हजार लोगों के लिए कूड़ा बना परेशानी

लक्की मेहता/लुधियाना| समर न्यूज़

नौसरबाजों महानगर के वार्ड नंबर 87 के नानक नगर के लोग इन दोनों परेशान है। करीब 15 हजार की आबादी वाले इस इलाके में कूड़े के ढेर के कारण लोग परेशान है तो गंदगी में रहने के लिए मजबूर हैं। क्योंकि वहां नानक नगर के पार्क के अंदर लगाया गया कूड़े का कंपैक्टर सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए लगाया गया था, लेकिन अब यह स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। लोग इस परेशानी को निगम अधिकारियों से लेकर हल्का विधायक तक पहुंच चुके हैं लेकिन कोई भी समस्या का हल करने को तैयार नहीं।

**▪ वार्ड नंबर 87 के अंतर्गत सात मोहल्ले...**

वार्ड नंबर 87 के अंतर्गत सात मोहल्ले हैं। इनमें जसवंत नगर, बिंद्रा कॉलोनी, अर्जुन नगर, काराबारा, विजय नगर, वैष्णो कॉलोनी और नानक नगर इत्यादि है। यह सभी मोहल्ले गंदगी की इसी समस्या से प्रभावित हैं। वार्ड में रहने वाले 15,000 से अधिक लोग लोगों को इसी गंदगी भरी सड़क से होकर गुजरना पड़ता है, जिस पर कंपैक्टर लगाया गया है। स्थानीय लोगों की निगम अधिकारियों से मांग है कि कंपैक्टर को किसी कम भीड़ वाले स्थान पर शिफ्ट किया जाए या इसके संचालन का समय तय किया जाए, ताकि सफाई व्यवस्था और लोगों की सुविधा दोनों बनी रहें। फिलहाल मोहल्ले के लोग प्रशासन से ठोस कदम उठाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।



*इलाका के लोग कंपैक्टर वाली अंदरूनी सड़क का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कूड़े और रेहड़ियों व दुकानदारों के बाहर कब्जे से हमेशा जाम रहता है। कई बार पार्षद और विधायक को शिकायत की जा चुकी है। कुछ समय के लिए कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ ही दिनों में हालात फिर पुराने जैसे हो जाते हैं।*
***संजीव ठाकुर,** नानक नगर सोसाइटी प्रधान*


## ▪ जल्द मिलेगा स्थायी हल

*इस कंपैक्टर में वार्ड नंबर 86, 87, 88 और 94 का कूड़ा आता है, इसलिए यहां भीड़ अधिक रहती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मोहल्ला निवासियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और जल्द ही कंपैक्टर की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा।*
***-तरविंदर कुमार,** सेनेटरी इंस्पेक्टर*

## ▪ कब्जे हटाने की तैयारी

सड़क किनारे किए गए कब्जे जल्द हटाए जाएंगे। दुकानदारों को चेतावनी दी जाएगी कि वे सड़क पर सामान रख रास्ता ब्लॉक न करे और गंदगी न फैलाएं। अगर फिर भी सुधार नहीं हुआ तो विभाग कार्रवाई करेगा।

## मैं बोलूंगा तो...



***टीआरपी लेना के चक्कर में जनाब खुद पर करवा बैठे एफआईआर***

*▪ आज के समय में टीआरपी लेना हर व्यक्ति का सपना बन चुका है। फिर चाहे इसके लिए किसी भी हद तक जाना पड़े। चाहे अपना जमीर बेचना पड़े या फिर नीचता दिखानी हो। जिस भी फील्ड के माहिर हैं चाहे उस फील्ड की मान मर्यादा को भी दाव पर रखना कोई बड़ी बात नहीं। जनाब को चाहिए तो बस पब्लिसिटी। जनाब चाहते हैं कि जिस भी महफिल में जाऊं वहां पर चर्चा मेरी ही हो। सोशल मीडिया पर वायरल होकर ऐसे तंज कसे कि लोगों में चर्चा का विषय तो बना लेकिन शब्दावली सुन हर व्यक्ति दंग।*

*चलो जनाब की भगवान ने सुन ली। भगवान ने ऐसी टीआरपी दी कि उक्त जनाब द्वारा सोशल मीडिया पर इस्तेमाल की गई शब्दावली ने उनको मशहूर कर दिया। मशहूर भी ऐसा किया कि जनाब पर एफआईआर ही दर्ज हो गई। अब जनाब हर महफिल में चर्चा का विषय बने हुए हैं तो खुद को बचाने के लिए हाथ पैर भी मार रहे हैं। जिन जनाब की बात की जा रही है वह लुधियाना के है। एक नहीं, दो नहीं जबकि तीन जनाब हैं। बीते दिनों में तीनों ने ही एक ऐसी बात को मुद्दा बनाया हुआ था जो कि मुद्दा थी ही नहीं। जिस बात को वह लोग मुद्दा बनाए हुए थे लोग भी उसको बेतुका समझ रहे थे। लेकिन जनाब को सिर्फ टीआरपी से मतलब था। तीनों ही जनाब लगातार उस बात को घसीटे ही जा रहे थे। जिला प्रशासन दफ्तर के बाहर भी उक्त लोगों की आपस में कहा सुनी हुई। किसी भी अधिकारी ने तवज्जो नहीं दी। शिकायतों का सिलसिला चलता रहा। शिकायतों के बावजूद उक्त मुद्दे पर बे तुक्की बातें और माहौल खराब करने की पूरी कोशिश। माहौल खराब होते देख पुलिस व जिला प्रशासन सतर्क हुए। पुलिस ने उक्त लोगों पर निगाह रखनी शुरू कर दी और उनके मुद्दे के हर शब्द को गंभीरता से लिया। कानूनी विशेषज्ञों ने माना कि अब जिस मुद्दे पर उक्त लोग बात कर रहे हैं वह कोई मजाक नहीं है जबकि माहौल खराब करने की कोशिश लग रही है। बस फिर पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और तीनों ही जनाब के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। अब तीनों ही जनाब को टीआरपी तो मिली लेकिन उसके चक्कर में जेल की हवा भी खानी पड़ेगी।*

**-सुनील शिंगार**

## एनडीपीएस अधिनियम मामले में भगोड़ा काबू

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत भगोड़े अपराधियों (पीओ) को पकड़ने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में, पीओ स्टाफ को तैयार कर भगोड़ों को गिरफ्तार करने का कार्य सौंपा गया है। इस अभियान के अंतर्गत, पुलिस अधीक्षक (जांच) श्री सौरभ जिंदल और उप-पुलिस अधीक्षक (विशेष अपराध), जिला एसएएस नगर श्री नवीनपाल सिंह लेहल के मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में, पीओ स्टाफ प्रभारी एस.आई. बलविंदर सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने भगोड़े आरोपी नरिंदरजीत सिंह उर्फ निंदी, निवासी गाँव दौन खुर्द, जिला पटियाला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 18/61/85 के तहत पुलिस स्टेशन हंडेसरा, मोहाली में मामला नंबर 25/2022 दर्ज किया गया, जिसमें आरोपी से 200 ग्राम अफीम बरामद की गई।

# आईपीएस वाई पूरन कुमार की गुरुद्वारा नाडा साहिब में अंतिम अरदास, नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, सीबीआई जांच की उठी मांग

समर न्यूज़ | पंचकूला



हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार के लिए नाडा साहिब गुरुद्वारे में अंतिम अरदास का आयोजन हुआ। इस दौरान वातावरण गमगीन रहा। गुरबाणी पाठ के बीच जब पूरन कुमार की छोटी बेटी अमूल्या और उनके ससुर बी रतन सिंह ने शोक संदेश पढ़े तो माहौल भावुक हो गया। बी रतन सिंह की आंखों से आंसू छलक पड़े। अंतिम अरदास में हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी, कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा समेत कई वरिष्ठ नेता, अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता श्रद्धांजलि देने पहुंचे। दिल्ली के पूर्व मंत्री संदीप वाल्मीकि ने बताया कि जल्द ही दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक बड़ी शोक सभा आयोजित की जाएगी जिसकी तारीख जल्द तय की जाएगी। शोक संदेश पढ़ते हुए हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष और सही ढंग से जांच होनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति निडर होकर अपनी बात रख सके। वहीं, पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने कहा हमारे परिवार का एक सदस्य चला गया है लेकिन उसने दबे-कुचले लोगों के दिल में लड़ने की ललक जगा दी है। हमें इकट्ठे होकर लड़ना होगा। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि पूरन कुमार मामले की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। गुरुद्वारे परिसर में मौजूद सैकड़ों लोगों ने पूरन कुमार की आत्मा की शांति के लिए अरदास की और उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने पंचकूला स्थित गुरुद्वारा नाडा साहिब में स्वर्गीय वाई. पूरन कुमार आईपीएस के भोग एवं अंतिम अरदास समारोह में शिरकत की। उन्होंने वाई. पूरन कुमार आईपीएस के असमय निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश की भलाई के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को समाज हमेशा याद रखेगा। संधवां ने ‘आप’ के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का संदेश भी पहुंचाया, जिन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में हम स्वर्गीय वाई. पूरन कुमार आईपीएस के परिवार के साथ खड़े हैं। स्पीकर संधवां ने वाहेगुरु से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें, अपने चरणों में सदा के लिए स्थान दें तथा परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें।

सुखबीर ने सरकार पर दबाव का लगाया आरोप

# तरनतारन उपचुनाव में सियासी संग्राम तेज, शिअद उम्मीदवार की बेटी-दामाद पर केस

समर न्यूज़ | तरनतारन



तरनतारन विधानसभा उपचुनाव से पहले सियासी माहौल गरमाने लगा है। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की उम्मीदवार बीबी सुखविंदर कौर रंधावा की बेटी कंचनप्रीत कौर और दामाद अमृतपाल सिंह के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इसके विरोध में शिअद अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने झबाल चौक पर धरना प्रदर्शन किया और पंजाब सरकार पर राजनीतिक दबाव बनाने का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार, तरनतारन सिटी थाना पुलिस ने कंचनप्रीत कौर, अमृतपाल सिंह, गग्गोबुआ गांव के सरपंच परमजीत सिंह पम्मा, पूरन सिंह झबाल, अजमेर सिंह काका छापा, सोनू दोदे सहित 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंच मुनीश कुमार मोनू चीमा की लिखित शिकायत पर की गई है। सुखबीर बादल ने इस कार्रवाई को राजनीतिक बदले की कार्रवाई बताया।

तरनतारन सीट पर अकाली दल की बढ़त देखकर आम आदमी पार्टी डर गई है, इसलिए पुलिस का दुरुपयोग किया जा रहा है। सुखबीर ने ऐलान किया कि वह उपचुनाव तक यहीं रहकर प्रचार की कमान खुद संभालेंगे। तरनतारन सीट 2022 के चुनाव में आम आदमी पार्टी के कश्मीर सिंह सोहल ने जीती थी। अब यह सीट खाली होने के बाद आप इसे किसी भी कीमत पर नहीं गंवाना चाहती। पार्टी ने मुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को प्रचार अभियान में झोंक दिया है। आप नेताओं का फोकस सरकार की उपलब्धियों को मतदाताओं तक पहुंचाने और यह संदेश देने पर है कि आप प्रत्याशी की जीत से तरनतारन का विकास और तेज होगा।

## जन्मदिन/शादी मुबारक

***शादी की वर्षगांठ, नवविवाहित जोड़ा या बच्चे के जन्मदिन की फोटो छपवाने के लिए इस नंबर 7986630191 पर भेजें। फोटो भेजते वक्त नाम, उम्र और पता जरूर लिखें। ये सभी फोटो मुफ्त प्रकाशित होंगी।***

# हरियाणा में ई-खरीद घोटाले पर सरकार सख्त

## » दो मंडी सचिव निलंबित, कई अधिकारियों पर सीएम ने एफआईआर दर्ज करने के आदेश

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



हरियाणा सरकार ने धान और बाजरा खरीद प्रक्रिया में अनियमितताओं के मामलों पर कड़ा रुख अपनाया है। कनीना और कोसली अनाज मंडी में ई-खरीद पोर्टल और मार्केट कमेटी रजिस्टर में अंतर पाए जाने पर सरकार ने कनीना मंडी के सचिव सह ईओ मनोज पराशर और कोसली मंडी के सचिव सह ईओ नरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया है। इसी तरह मार्केट कमेटी करनाल में अलग-अलग आईपी से फर्जी गेट पास जारी करने के आरोप में मंडी सुपरवाइजर हरदीप, अश्वनी और ऑक्शन रिकॉर्डर सतबीर को भी निलंबित किया गया है। अब इन सभी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश मुख्यमंत्री ने जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री ने धान और बाजरा खरीद प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई जिसमें सभी जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ऑनलाइन जुड़े। सीएम ने निर्देश दिए कि दूसरे राज्यों से हरियाणा में फसल लाकर बेचने वालों पर मुकदमा दर्ज किया जाए। सीमावर्ती जिलों में पुलिस नाकेबंदी कर बाहरी राज्यों से आने वाले धान की अवैध एंट्री रोके। खरीद की आड़ में सरकार के साथ धोखाधड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि कुछ जिलों अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और कैथल से बाहरी राज्यों की धान आमद और गेट पास स्कैनिंग में गड़बड़ियों की शिकायतें मिली हैं। इनकी जांच जारी है। अब तक खरीद एजेंसियों ने 2.66 लाख किसानों से करीब 52.18 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है और किसानों के खातों में 10,204.98 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। सीएम ने निर्देश दिया है कि जिन मंडियों में गेट पास सिस्टम का दुरुपयोग हुआ है वहां के जिम्मेदार कर्मचारियों और अधिकारियों की सूची तैयार कर कड़ी कार्रवाई की जाए जिसमें प्रशासनिक दंड के साथ एफआईआर भी शामिल होगी।

# दुर्घटना में घायल व्यक्ति को डीजीपी ने खुद के एस्कॉर्ट वाहन से तुरंत अस्पताल पहुँचाया

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**



हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह अपने एस्कॉर्ट वाहन के साथ पंचकूला से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि आइटीपी भानु, पंचकूला के पास एक बाइक और कार की आपस में भिड़ंत हो गई है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए डीजीपी और उनके साथ मौजूद पुलिस टीम ने तुरंत पहल करते हुए घायल व्यक्ति को अपने निजी एस्कॉर्ट वाहन की मदद से सैक्टर-6 स्थित सामान्य नागरिक अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी पाते ही डीजीपी ओ.पी. सिंह ने डीसीपी पंचकूला, सृष्टि गुप्ता को फोन कर पूरे मामले से अवगत करवाया। डीजीपी ने घायल की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और साथ ही सभी नागरिकों से अपील की कि सड़क दुर्घटना होने पर सबसे पहले घायल को तुरंत अस्पताल पहुँचाना प्राथमिक कर्तव्य है। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि सहायता करने वाले व्यक्ति से पुलिस द्वारा कोई सवाल-जवाब नहीं किया जाएगा। डीजीपी ने इस अवसर पर यह भी संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता और सहायत करने की भावना को समाज में मजबूत करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि किसी भी सड़क दुर्घटना में संकोच न करें और घायल की जान बचाने के लिए तुरंत कार्रवाई करें। पुलिस विभाग ने इस घटना को एक प्रेरक उदाहरण के रूप में पेश किया है, जिससे न केवल पुलिस की तत्परता दिखती है।

# सोनीपत में बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या, ईंटों से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

## » हलवाई का काम करता था मृतक जयफल

**समर न्यूज़ | सोनीपत**



गांव मलिकपुर में रविवार सुबह एक बुजुर्ग की ईंट से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जयफल (65) निवासी मलिकपुर के रूप में हुई है। मृतक गन्नौर में मिष्ठान भंडार हलवाई का काम करता था। परिजनों के मुताबिक जयफल शनिवार शाम तक बिल्कुल सामान्य था और भतीजे आशीष से बातचीत भी हुई थी। रविवार सुबह ग्रामीणों ने उनका शव एक खेत में चारपाई पर खून से लथपथ पड़ा देखा। इसकी सूचना परिवार और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गन्नौर थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। टीम ने खून, मिट्टी और ईंट के सैंपल लिए और आसपास के इलाके की जांच की। पुलिस के अनुसार मृतक युवक के सिर और चेहरे पर ईंटों से हमला किया गया है जिससे जयफल की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि मृतक का मोबाइल फोन और अंगूठी गायब है साथ ही उनके पास कोई पैसे भी नहीं मिले। गांव में हत्या की खबर फैलते ही मातम का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। लोगों ने बताया कि जयफल शांत स्वभाव के व्यक्ति थे और उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निफ्ट परिसर में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पुलिस ने बनाया एक्शन प्लान

## » दुर्गा शक्ति रैपिड फोर्स और राइडर गश्त करेंगे, छात्राओं के लिए इंटरैक्टिव सेशन आयोजित



**समर न्यूज़ | पंचकूला**

सेक्टर-23 स्थित निफ्ट शिक्षण संस्थान के आसपास कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और अभद्र टिप्पणी करने की घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने तुरंत कार्रवाई के आदेश जारी किए और कहा कि छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में विशेष बाइक राइडर तैनात किए गए हैं और दुर्गा शक्ति रैपिड फोर्स की चार सदस्यीय टीम रोजाना गश्त कर रही है। इस टीम में दो महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

महिला थाना प्रभारी राजेश कुमारी और चंडीमंदिर थाना प्रभारी रामपाल छात्राओं, आसपास के दुकानदारों, सुरक्षा स्टाफ और वार्डनों से मिलकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और भरोसा दिला रहे हैं कि पुलिस हर समय उनके साथ है। पार्किंग एरिया, कैफे और भीड़भाड़ वाले अन्य पॉइंट्स पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें निर्देश दिया गया कि किसी भी अशोभनीय टिप्पणी या हरकत की स्थिति में तुरंत 112 पर सूचना दें। निफ्ट की छात्राएं 'सुरक्षित संगिनी' व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए पुलिस से जुड़ी हैं, जिससे पुलिस उन्हें कॉल के अलावा एक दोस्त की तरह सहायता उपलब्ध कर सके। थाना स्टाफ के नेतृत्व में गर्ल्स हॉस्टल, पीजी, कैफे और मार्केट में इंटरैक्टिव सेशन आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी बात सुनी जा रही है।

# बेटे ने जमीन के विवाद में पिता और भाई की हत्या कर शव जलाए

## » पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | झज्जर**

गांव कलोई में करोड़ों रुपये की जमीन के विवाद ने खेतीबाड़ी करने वाले अशोक ने अपने ही पिता खजान सिंह (70) और छोटे भाई संजय (45) की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार वारदात को करीब ढाई महीने पहले अंजाम दिया गया, लेकिन परिवार ने इस घटना को छिपाए रखा। दुलीना चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि परिवार की ओर से किसी ने शिकायत नहीं दी थी। मामला तब खुला जब गांव का ही एक युवक बुजुर्ग खजान सिंह को पेंशन देने उनके घर पहुंचा। घरवालों ने बताया कि खजान सिंह की मौत तीन महीने पहले हो चुकी है और संजय की सड़क हादसे में मृत्यु हुई है। युवक को शक हुआ और उसने गांव में चर्चा की जिसके बाद बात पुलिस तक पहुंच गई।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि जमीन बंटवारे को लेकर घर में विवाद था। आशंका है कि अशोक को डर था कि पिता जमीन छोटे भाई संजय के नाम कर देंगे। इसी रंजिश में उसने दोनों की हत्या कर शवों को खुर्द-बुर्द कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार हत्या के बाद अशोक ने शवों को खेत में जलाने या दफनाने की कोशिश की ताकि सबूत मिट जाएं। पुलिस को शुरुआती जांच में ऐसे साक्ष्य मिले हैं जो इस आशंका को मजबूत करते हैं। एसीपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि हत्यारोपी अशोक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। गांव में यह भी चर्चा है कि खजान सिंह के तीनों बेटे अनिल, अशोक और संजय एक ही परिवार की तीन सगी बहनों से विवाहित हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि हत्या के बाद भी किसी बहू या अन्य परिजन ने पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह परिवार गांव में कम मेलजोल रखता था। हत्या के बाद अफवाह फैलाई गई थी कि पिता और पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। लेकिन जब पुलिस ने गहराई से जांच की, तो इस अमानवीय हत्या और सबूत मिटाने की साजिश का पर्दाफाश हुआ। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शवों को कहां और कैसे नष्ट किया गया वहीं, पुलिस घटना में किसी और की भूमिका तो नहीं है इसका भी पता लगाने में जुटी है।

# पंजाब से बिहार जा रही 25 लाख की अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

## » 435 पेटियां हुईं बरामद, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**पलवल | सुन्दर कुंडू**
**समर न्यूज़**





होडल सीआईए टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब के रोपड़ जिले से बिहार जा रही करीब 25 लाख रुपये की 435 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सीआईए इंचार्ज जगमिंद्र ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि पंजाब से अवैध शराब से भरा एक ट्रक होडल के रास्ते बिहार की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने होडल-उजीना ड्रेन के पास नाकाबंदी की। कुछ देर बाद आरजे-53 जीए-0552 नंबर का ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने वाहन को रोककर तलाशी ली तो उसके अंदर लकड़ी की फट्टियों के नीचे रॉयल स्टेग और इंपीरियल ब्लू ब्रांड की शराब की 435 पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने ड्राइवर से शराब संबंधी दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका।

ट्रक ड्राइवर की पहचान नवीन निवासी जिला चरखी दादरी के रुप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले भी शराब तस्करी के मामले में महाराष्ट्र में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध शराब तस्करी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को जिला अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

# पॉक्सो एक्ट के तहत पुलिस ने किशोर को पकड़ा, बाल सुधार गृह भेजा

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में थाना सैक्टर-14 पुलिस टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म और उसके परिणामस्वरूप गर्भवती होने के गंभीर मामले में 24 अक्टूबर को एक किशोर को पुलिस अभिरक्षा में लेकर कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पीड़िता और आरोपी किशोर पंचकूला क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में पड़ोसी के रूप में रहते थे। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरोपी ने नाबालिग को डराने-धमकाने के जरिए उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। स्वास्थ्य खराब होने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें पीड़िता के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। इसके उपरांत थाना सैक्टर-14 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की जांच सब इंस्पेक्टर करनैल सिंह द्वारा की जा रही है।

# हरियाणा में आज हल्की बारिश के आसार

## » दिवाली के बाद बढ़े प्रदूषण से मिलेगी राहत

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**



हरियाणा में मौसम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। राज्य के कई हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। नारनौल में न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है। वहीं रोहतक में अधिकतम तापमान 29 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.6 डिग्री कम दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ डॉ चंद्रमोहन ने बताया कि 27 अक्तूबर से राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की जा सकती है। इससे दिवाली के बाद बढ़े प्रदूषण से राहत मिलेगी।

वहीं, रात व दिन का तापमान एक से दो डिग्री गिर सकता है। 1 नवंबर से प्रदेश में सर्दी महसूस होने लगेगी। मौसम विशेषज्ञ के मुताबिक 27 अक्तूबर को पश्चिमी विक्षोभ के साथ अरब सागर पर एक कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। इन दोनों का असर प्रदेश के मौसम पर पड़ेगा और हल्की बारिश का दौर चलेगा। 28 से 30 अक्तूबर तक यह प्रभाव रहेगा। जिन क्षेत्रों में अधिक जलभराव हुआ है वहां कोहरा जल्दी गिरना शुरू होगा।

चंडीगढ़ मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि पिछले दिनों पहाड़ों में बर्फबारी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ के जाने के बाद पहाड़ों की ठंडी हवाएं मैदानी इलाकों के तापमान को और गिराएंगी।

हरियाणा के अधिकतर शहरों में रात का तापमान 20 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया है। अंबाला में 18.2, हिसार में 15.8, करनाल में 16.2, नारनौल में 14.6, रोहतक में 18.0, सिरसा में 17.8, गुरुग्राम में 15.8 और जींद में 16.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने किसानों को सरसों, चना और गेहूं की बुआई करने की सलाह दी है। इस समय का मौसम फसलों की बुआई के लिए अनुकूल है।

विशेष रूप से चना की खेती के लिए यह मौसम सबसे अच्छा है। जो किसान सरसों की बुआई नहीं कर पाए हैं उन्हें 30 अक्तूबर से पहले इसे पूरा कर लेना चाहिए।

# सुरक्षित छठ पूजा मनाने के लिए पुलिस ने किए पुख्ता इंतजाम

## » 534 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा » डीसीपी ने घग्गर नदी के घाटों का सुरक्षा जायजा लिया

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**



छठ पूजा को लेकर पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के नेतृत्व में जिला पंचकूला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस क्रम में आज डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने सैक्टर-21 स्थित घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी का भी कल मुख्य घाट सैक्टर-21 पंचकूला पर आने का प्रस्तावित कार्यक्रम है जिसके मद्देनजर अतिरिक्त सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि 27 और 28 अक्टूबर को छठ पूजा के अवसर पर विशेष रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार के श्रद्धालुओं के साथ-साथ चंडीगढ़, जीरकपुर, डेराबस्सी (पंजाब) और बद्दी, परवाणु (हिमाचल प्रदेश) के श्रद्धालुओं द्वारा जिला पंचकूला में स्थित घग्गर नदी तथा अन्य सरोवरों के किनारे मनाई जाएगी।

इस दौरान श्रद्धालु सूर्यास्त और अगले दिन सूर्य उदय के समय घाटों पर इकट्ठा होकर पूजा-अर्चना करेंगे।

त्योहार के मुख्य आयोजन स्थल सैक्टर-21 घग्गर घाट तथा अन्य घाटों और सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस ने विशेष सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इस वर्ष कुल 534 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे और सभी एसीपी, थाना प्रभारी तथा चौकी इंचार्ज को अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। डीसीपी ने आगे बताया कि घाटों के आसपास ई.आर.वी., पी.सी.आर. और राइडर लगातार गश्त करेंगे। सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती घाटों पर प्रमुख स्थानों पर की गई है ताकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। साथ ही ट्रैफिक पुलिस को भी हिदायत दी गई है।

पंचकूला पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे भी पुलिस के निर्देशों का पालन करें और त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से मनाने में सहयोग दें और किसी भी विपरीत परिस्थिति मे पुलिस को सूचित करे। श्रद्धालुओ की सुरक्षा व इस दौरान कानून व्यवस्था दुरुस्त रखना हमारी प्राथमिकता है।

# क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

## » नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए चला सर्च ऑपरेशन

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**



पुलिस ने रविवार सुबह अपराध और नशा तस्करी पर रोक लगाने के लिए बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज के मार्गदर्शन और डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की सभी यूनिटों ने संयुक्त अभियान में हिस्सा लिया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ, एंटी नारकोटिक्स सेल, क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 और क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीमों ने बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। अभियान को सुबह-सुबह इसलिए शुरू किया गया ताकि अपराधियों को सतर्क होने या भागने का मौका न मिल सके।

डिटेक्टिव स्टाफ और एंटी नारकोटिक्स टीम ने पिंजौर के मढ़वाला क्षेत्र में उन बिंदुओं पर तलाशी की जहां पहले से संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली थी। पुलिस ने घर-घर जाकर लोगों से बातचीत की और भरोसा बढ़ाने के साथ-साथ कई अहम सुराग भी जुटाए। वहीं, क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 और सेक्टर-19 की टीमों ने बरवाला क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। तलाशी के दौरान कई वाहनों की जांच की गई, जिनमें से सात संदिग्ध वाहन कब्जे में लिए गए हैं। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि अपराधी अक्सर चोरी के वाहनों का इस्तेमाल करते हैं और उन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वारदातों को अंजाम देते हैं। ऐसे सर्च ऑपरेशन का मकसद इन नेटवर्क्स को खत्म करना और क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बनाना है।

उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान पुलिस ने युवाओं और स्थानीय निवासियों से संवाद भी किया उन्हें नशे और अपराध से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया गया।

# पंचकूला पुलिस ने आईफोन चोरी के आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | पंचकूला**




डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में सेक्टर-25 चौकी पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान प्रमोद कुमार पुत्र गोविंद राम निवासी मोहाली (पंजाब) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, 23 अक्टूबर को शिकायतकर्ता की पत्नी सेक्टर-25 मार्केट में खरीदारी करने गई थी। उन्होंने अपनी स्कूटी बिल्डिंग के सामने खड़ी की और गलती से मोबाइल फोन स्कूटी के फ्रंट स्टोरेज स्पेस में छोड़ दिया।

इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर आरोपी वहां पहुंचा और आईफोन चोरी कर कार से फरार हो गया। शिकायत मिलने पर चौकी इंचार्ज विकास की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को केवल 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से वारदात में इस्तेमाल की गई ह्यूंडई कार और चोरी किया गया आईफोन भी बरामद कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पंचकूला पुलिस का उद्देश्य शहर में चोरी जैसी घटनाओं पर तुरंत और सख्त कार्रवाई करना है, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे।

# नशा तस्कर गिरफ्तार, 6.40 ग्राम हेरोइन और 8,490 रुपये बरामद

**समर न्यूज़ | मढ़ावाला**



पंचकूला, पुलिस को नशा तस्करी के खिलाफ अभियान में एक और सफलता मिली है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में मढ़ावाला चौकी की टीम ने शुक्रवार शाम गुप्त सूचना के आधार पर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। सूचना मिली थी कि मढ़ावाला क्षेत्र में एक युवक हेरोइन बेचने के लिए सड़क किनारे खड़ा है। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज भीम सिंह ने अपनी टीम के साथ घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से 6 ग्राम 40 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8,490 रुपये की नकदी भी जब्त की है, जिसे नशा बेचकर कमाया गया बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना पिंजौर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

आरोपी को शनिवार, 25 अक्टूबर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है ताकि उसके अन्य सहयोगियों और नशा सप्लाई नेटवर्क का पता लगाया जा सके। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पंचकूला पुलिस नशा तस्करी और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को नशे के जाल से मुक्त किया जा सके।

"नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसना हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। ऐसे लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।"

# दिसंबर में हिमाचल में होंगी 3 राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं

## » शिक्षा मंत्री ठाकुर ने जुब्बल में राज्य स्तरीय खेलकूद का किया शुभारंभ

**समर न्यूज़ | शिमला**

हिमाचल प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जानकारी दी है कि दिसंबर माह में प्रदेश में तीन राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर वे जुब्बल में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-14 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने रविवार को जुब्बल में ठाकुर रामलाल स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय छात्रा अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2025 में हिमाचल प्रदेश में तीन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें देशभर के 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से खिलाड़ी भाग लेंगे। इन प्रतियोगिताओं में अंडर-14 छात्र वॉलीबाल, तथा अंडर-19 छात्र वर्ग के हैंडबॉल और कबड्डी शामिल होंगे। इन आयोजनों के लिए 1 करोड़






रुपए की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इस बार 12 जिलों और एक खेल छात्रावास की कुल 507 छात्राएं भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसी स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं।

**खिलाड़ियों की डाइट मनी बढ़ाई — उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान"**

रोहित ठाकुर ने कहा कि छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ खेलों का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि सरकार ने खिलाड़ियों की "डाइट मनी" 120 रुपये से बढ़ाकर 220 रुपये प्रतिदिन कर दी है। साथ ही, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकार द्वारा सम्मानित करने की योजना भी शुरू की गई है।उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 9 खेल छात्रावास संचालित हैं, जिनमें से जुब्बल का ठाकुर रामलाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्रावास सबसे बड़ा बनकर उभरा है। 1987 में स्थापित इस छात्रावास में पहले केवल वॉलीबाल का प्रशिक्षण दिया जाता था, लेकिन अब कबड्डी और बैडमिंटन को भी शामिल किया गया है। 2.27 करोड़ रुपये की लागत से छात्रावास का नया भवन बनाया गया है, जबकि विद्यालय के साइंस ब्लॉक का निर्माण 2.47 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

**आईटीआई जुब्बल का भवन नवंबर में होगा समर्पित**

शिक्षा मंत्री ने बताया कि जुब्बल के डकैढ़ गांव में 17 करोड़ रुपये की लागत से शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (TTI) स्थापित किया जा रहा है, जो क्षेत्र की शिक्षा में मील का पत्थर साबित होगा।

इसके अलावा, आईटीआई जुब्बल का नया भवन नवंबर माह में जनता को समर्पित किया जाएगा।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली, एसडीएम जुब्बल गुरमीत नेगी, तहसीलदार जितेंद्र ठाकुर, प्रधानाचार्य केशव शर्मा, कामडेंट राजपाल नेपटा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोतीलाल सिथटा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्टंट के दौरान गई 22 वर्षीय युवक की जान

## » सोशल मीडिया पर रील्स बनाने की दीवानगी मंडी बाईपास की मलोरी टनल के पास एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुई

**धर्मवीर । मंडी**
**समर न्यूज़**

सोशल मीडिया पर रील्स बनाने की दीवानगी एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुई। मंडी बाईपास की मलोरी टनल के पास देर रात बाइक स्टंट के दौरान हुए हादसे में 22 वर्षीय अनिकेत की दर्दनाक मौत हो गई।

अनिकेत, जो नागचला तहसील बल्ह का निवासी था और बीटेक का छात्र था, अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बाइक स्टंट के वीडियो साझा करता था। पुलिस के अनुसार, बीती रात करीब एक बजे वह अपने दोस्तों के साथ रील शूट कर रहा था। स्टंट के दौरान बाइक असंतुलित हो गई और अनिकेत गंभीर रूप से घायल हो गया।उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज नेरचौक ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हादसे में युवक की गर्दन टूटने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि अनिकेत के साथ वीडियो शूट कर रहे अन्य युवकों - जिनमें बाइक राइडर्स




और वीडियोग्राफर शामिल हैं - को पुलिस ने एफआईआर में आरोपी बनाया है। उनका कहना है कि इन लोगों ने स्टंट के लिए उकसाने और जोखिम भरा वीडियो बनाने में सहयोग किया। मामला टूरिस्ट एंड ट्रैफिक पुलिस स्टेशन नागचला में दर्ज किया गया है। पुलिस ने मौके से मोबाइल और कैमरा फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है। मृतक का पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज नेरचौक में करवाया जा रहा है।

### नशा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो मकान ध्वस्त, दो पर प्रशासन ने किया कब्जा

**संजीव । नूरपुर**
**समर न्यूज़**

पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत आने वाले भदरोया क्षेत्र में नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस नूरपुर ने बड़ी कार्रवाई अंजाम दी। इस अभियान में पुलिस ने आरोपितों के दो मकान जेसीबी से गिरा दिए, जबकि दो अन्य मकानों पर प्रशासन ने कब्जा कर लिया।

पुलिस अधीक्षक नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि यह कार्रवाई नशा तस्करी में संलिप्त सोनिया (पत्नी नरेंद्र कुमार), परमजीत उर्फ गोशा (पत्नी कस्तूरी लाल), दीपक राज उर्फ दीपा और बुआ दास के खिलाफ की गई। इन सभी के विरुद्ध नूरपुर, डमटाल और पठानकोट थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह सामने आया कि आरोपितों ने मुहाल भदरोया (उपतहसील गंगथ) में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से मकान बनाए थे। राजस्व विभाग द्वारा की गई निशानदेही में यह बात पुख्ता हुई कि सभी निर्माण सरकारी भूमि पर किए गए हैं। इसके बाद पुलिस ने स्थानीय प्रशासन से लगातार पत्राचार किया, जिसके आधार पर सहायक समाहर्ता द्वितीय



श्रेणी, उपतहसील गंगथ ने हिमाचल प्रदेश भूमि राजस्व अधिनियम 1954 की धारा 163 एवं भूमि अभिलेख नियमावली 1992 के पैरा 13.15 के तहत आरोपितों के विरुद्ध भूमि बेदखली वारंट जारी किए। इन आदेशों की अनुपालना में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में दो मकानों को ध्वस्त किया गया तथा दो अन्य को प्रशासनिक कब्जे में लिया गया। इस कार्रवाई से सभी आरोपितों को सरकारी भूमि से पूरी तरह बेदखल कर दिया गया है। एसपी अशोक रत्न ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से अपील की कि नशे से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# प्रदेश को मिली 4500 करोड़ की सहायता

## » नवंबर में बिछेगा 1500 किलोमीटर सड़कों का जाल : विक्रमादित्य सिंह







**समर न्यूज़ | शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण के पाहल में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले ढाई वर्षों में केंद्र सरकार से 4500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता लोक निर्माण और शहरी विकास विभागों को प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने प्रदेश को विकास कार्यों के लिए हर संभव सहयोग प्रदान किया है।

मंत्री ने बताया कि नवंबर माह में प्रदेश में 1500 किलोमीटर नई सड़कों का जाल बिछाने की मंजूरी मिल रही है, जिससे ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों सड़क परियोजनाओं को गति मिलेगी और लाखों लोगों को सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि पाहल पंचायत में पिछले ढाई वर्षों में 22 लाख रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही बमौत लिंक मार्ग और चेवला–टबोग सड़क के लिए भी शीघ्र बजट स्वीकृत करवाया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि "हम हर लक्ष्य को हासिल करेंगे - चाहे इसमें समय लगे, परंतु तय किए गए लक्ष्य हर हाल में पूरे होंगे। उन्होंने पंचायत को विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपये, स्कूल में रसोईघर निर्माण और शौचालय मरम्मत के लिए 1.5 लाख रुपये, तथा स्कूली छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति हेतु 11 हजार रुपये देने की घोषणा की।

**दो सड़कों का शिलान्यास और परीक्षा केंद्र का लोकार्पण :** कैबिनेट मंत्री ने पाहल पंचायत के तहत 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली नेहवट घैणी–देवीदार सड़क व नयासेर खड्ड पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही 1.2 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पाहल–बैला घाट–कोटला संपर्क मार्ग का भी शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने राजकीय उच्च विद्यालय बमौत के परीक्षा केंद्र का लोकार्पण भी किया।

**कायना स्कूल में साइंस लेब का उद्घाटन :** विक्रमादित्य सिंह ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कायना में समग्र शिक्षा अभियान के तहत 22 लाख रुपये की लागत से बनी साइंस लेब का लोकार्पण किया। यह लैब फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी विषयों के लिए सुसज्जित है। उन्होंने स्कूल में परीक्षा केंद्र स्थापित करने हेतु तत्काल एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए और अगले वित्तीय वर्ष में इसकी स्वीकृति देने का आश्वासन दिया।मंत्री ने मिडिल स्कूल के तीन कमरों के निर्माण के लिए 3.5 लाख रुपये तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए 21 हजार रुपये देने की घोषणा की।

**शिक्षा क्षेत्र में हो रहे व्यापक सुधार**

अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि नई लैब से विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 100 स्कूलों में सीबीएसई बोर्ड लागू किया जा रहा है और स्कूलों का युक्तिकरण विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार किया जा रहा है। शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा व्यापक सुधार कार्य किए जा रहे हैं।

**स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का फाइन आर्ट्स कॉलेज में योगदान :** मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में फाइन आर्ट्स कॉलेज की स्थापना का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह को जाता है। वर्तमान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डेढ़ वर्ष पूर्व कॉलेज का लोकार्पण किया था। आज इस कॉलेज के कारण प्रदेश की देशभर में अलग पहचान बनी है। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पार्षद मोनिका भारद्वाज, पंचायत प्रधान जनोल जीत सिंह ठाकुर, उपप्रधान रोशन लाल, प्रधानाचार्य विद्या बांशटू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्मला ठाकुर, यूथ कांग्रेस नेता अरुण ठाकुर, बीडीसी चेयरमैन सरोज शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश शर्मा, और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ठेकेदार की लापरवाही से नहीं बनी पुली

**मंज़ूर पठान | चम्बा**
**समर न्यूज़**

सालवी–पधरोलू मार्ग पर बनने वाली पुली का निर्माण ठेकेदार की लापरवाही के चलते अधर में लटका हुआ है। सात महीने पहले टेंडर अवॉर्ड होने के बावजूद अब तक एक भी ईंट नहीं लगाई गई है। इस लापरवाही से दो हजार की आबादी वाली भावला पंचायत को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सालवी–पधरोलू मार्ग पर पुली निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है। सात महीने पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर जारी किया गया था, लेकिन ठेकेदार ने अब तक काम शुरू तक नहीं किया। बारिश के दौरान नाले में तेज बहाव के



कारण रास्ता कट गया था, जिससे दो महीने तक भावला पंचायत का संपर्क पूरी तरह से टूट गया था। अस्थाई तौर पर विभाग ने रास्ता तो ठीक किया, लेकिन पुली निर्माण की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।स्थानीय ग्रामीणों ने अब सरकार और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि ठेकेदार का टेंडर रद्द करके किसी नए ठेकेदार को काम सौंपा जाए, ताकि आने वाले बरसात के मौसम में लोगों को राहत मिल सके। सालवी–पधरोलू मार्ग पर पुली का काम ठेकेदार की लापरवाही से शुरू नहीं हो पाया है।

# बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक प्रकरण सरकार

**समर न्यूज़ | सोलन**

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने कहा कि बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की स्थिति आज प्रदेश में प्रशासनिक विफलता और व्यवस्था पतन का सबसे बड़ा उदाहरण बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हजारों खाताधारक अपनी मेहनत की कमाई के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं, जबकि सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

अभिषेक ठाकुर ने कहा कि संस्थान में हुआ भ्रष्टाचार न केवल बघाट क्षेत्र को कलंकित कर रहा है, बल्कि शासन और प्रशासन की निष्क्रियता



को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को औपचारिक तौर पर हिरासत में लेकर मामूली राशि पर रिहा कर देना पूरे मामले की गंभीरता को कम करके दिखाने जैसा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास न तो कोई ठोस कार्ययोजना है और न ही पीड़ित खाताधारकों को राहत देने की कोई स्पष्ट मंशा दिखाई देती है। जनता का विश्वास जिस संस्थागत व्यवस्था पर टिका था, वही अब अव्यवस्था का प्रतीक बन गई है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि खाताधारक लगातार अपनी जमा राशि की वापसी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें केवल आश्वासन और चुप्पी ही मिली है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की और खाताधारकों को उनकी मेहनत की कमाई वापस नहीं दिलाई, तो जनता को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

# मूड भांपकर मैदान छोड़ रही सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

**समर न्यूज़ | शिमला**

पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने शिमला नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर का कार्यकाल ढाई साल से बढ़ाकर 5 साल करने के फैसले पर सुक्खू सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि "सरकार चुनाव से भाग रही है, क्योंकि मुख्यमंत्री को पता है कि प्रदेश का मूड अब उनके खिलाफ खड़ा हो चुका है।

जयराम ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि अपने ही सभासदों का भरोसा खो चुकी कांग्रेस को डर है कि उनके वार्डों के पार्षद भी पार्टी के मेयर उम्मीदवार को वोट नहीं देंगे, इसलिए सरकार



अब चुनावी मैदान से ही भागने में राजनीतिक सुरक्षित रास्ता ढूंढ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले नगर निगम और निकाय चुनाव टाल चुकी है, फिर पंचायत चुनाव टाले, और अब मेयर डिप्टी मेयर का कार्यकाल बढ़ाकर चुनाव ही टाल दिया गया। यह साफ दिखाता है कि सरकार जनादेश से नहीं, प्रबंधन और बहानों से चल रही है।

जयराम ठाकुर ने यह भी सवाल उठाया कि सरकार ने आधिकारिक प्रेस वक्तव्य में इस बड़े फैसले का जिक्र तक नहीं किया, जिससे साफ है कि नीयत में खोट है और लोकतंत्र पर पर्दा डाला जा रहा है।

उन्होंने कहा कि पूरे दिन 'व्यवस्था परिवर्तन' का ढोल पीटने वाली यह सरकार प्रदेश को तीन साल में तीस साल पीछे ले गई है। अब डर यह है कि जनता जवाब देगी, इसलिए सरकार चुनाव से ही भाग रही है। कल फिर इसकी सफाई देने के लिए पूरी प्रचार मशीनरी बेशर्मी से मैदान में उतरेगी।

# चिंतपूर्णी में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए मां के दर्शन

**विकास | चिंतपूर्णी**
**समर न्यूज़**

विश्वविख्यात शक्तिपीठ श्री चिंतपूर्णी मंदिर में रविवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। महीने के अंतिम रविवार को प्रदेश ही नहीं, बल्कि बाहरी राज्यों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां चिंतपूर्णी के दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

रविवार को मां चिंतपूर्णी के दरबार में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। सुबह से ही श्रद्धालु लंबी कतारों में लगकर मां भगवती की पावन पिंडी के दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर 2 बजे तक श्रद्धालुओं की डबल लाइन लुधियाना धर्मशाला के



पास तक पहुंच गई। मंदिर प्रशासन की ओर से सुगम दर्शन प्रणाली के तहत श्रद्धालुओं ने पास बनाकर लिफ्ट मार्ग से भी मां के दर्शन किए। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रबंध किए थे।

**सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था**

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों ने जगह-जगह रस्सी और वेरी गेट लगाकर लाइन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों की मदद से मंदिर परिसर की निगरानी की जा रही थी ताकि किसी भी शरारती गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।ट्रैफिक पुलिस विभाग ने भी भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जवानों की तैनाती की, ताकि ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**मंदिर प्रशासन को सुझावः**

मुख्य पुजारी रविंदर शिंदा और पुजारी बारीदार सभा के प्रधान, ट्रस्टी तिलक राज कालिया, विनोद कालिया, नरेंद्र कालिया, अमित कालिया, पूर्व ट्रस्टी निरंजन कालिया, भूषण कालिया, जीवन प्रकाश कालिया, पूर्व प्रधान विनोद कालिया, और उप प्रधान संजय कालिया ने मंदिर प्रशासन से आग्रह किया है कि श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर के सौंदर्यीकरण और विस्तारीकरण के कार्य को शीघ्र आरंभ किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# आपदा के समय केंद्र सरकार ने हिमाचल का मजबूती से साथ दिया : धूमल

**समर न्यूज़ | हमीरपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को हर स्तर पर प्राथमिकता दी गई है। आपदा के समय केंद्र सरकार ने प्रदेश की सहायता के लिए तत्परता दिखाई है।

भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने रविवार को प्रो. धूमल से उनके हमीरपुर स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रो. धूमल ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदाओं के प्रति गंभीरता दिखाते हुए राहत और पुनर्वास के लिए समयबद्ध कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय



समिति ने वर्ष 2023 की आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए 2006.40 करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी थी। केंद्र ने 451.44 करोड़ रुपये की पहली किस्त और 198.80 करोड़ रुपये की राहत राशि राज्य आपदा मोचन निधि के तहत पहले ही जारी कर दी है।

प्रो. धूमल ने बताया कि केंद्र ने बिना राज्य के ज्ञापन की प्रतीक्षा किए ही अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल (IMCT) को भेजा, जिसने प्रभावित इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही NDRF की 13 टीमें, सेना और वायुसेना की सहायता भी राज्य को दी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं 9 सितंबर 2025 को हिमाचल प्रदेश के बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने इस दौरान प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की घोषणा की और राहत कार्यों को तेज़ी से पूरा करने के निर्देश दिए।पूर्व मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री की 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण भी सुना और कहा कि प्रधानमंत्री की सोच देश के हर राज्य और हर नागरिक के कल्याण को समर्पित है।

## चंडीगढ़ सेक्टर 56 पुलिस चौकी की बड़ी सफलता

# 3 घंटे में सुलझाया लूट का मामला

निसान सिंह | चंडीगढ़
समर न्यूज़

चंडीगढ़ पलसौर चौकी ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। बीती रात हुई लूट की वारदात को पुलिस टीम ने मात्र तीन घंटे के भीतर सुलझा लिया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, जुझार नगर निवासी दीपक नामक व्यक्ति के साथ देर रात कुछ अज्ञात युवकों ने सेक्टर 56 क्षेत्र में चाकू की नोक पर लूटपाट की। आरोपियों ने दीपक से मोबाइल फोन और नकदी छीन ली और मौके से फरार हो गए।

पीड़ित की शिकायत मिलते ही चौकी इंचार्ज कुलदीप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।




गुप्त सूचना के आधार पर मात्र तीन घंटे में पुलिस ने सेक्टर-56 स्थित दशहरा ग्राउंड के पास से आरोपियों को पकड़ लिया। प्रारंभिक जांच में यह युवक सेक्टर-56 के ही निवासी पाए गए हैं।

पुलिस ने पीड़ित का सारा लूटा गया सामान बरामद कर लिया है।

इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल बिजेंद्र, कांस्टेबल रवि, बलिंदर और राजेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामदयाल के दिशा-निर्देश और चौकी इंचार्ज कुलदीप सिंह की अगुवाई में की गई इस त्वरित कार्रवाई की वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सराहना की है।

पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

## काउंसलर राजवीर सिंह राजी ने निज्जर रोड पर सड़क पर लुक डालने का काम शुरू करवाया

निसान सिंह | मोहाली
समर न्यूज़

खरड़ के स्थानीय वार्ड नंबर 12 में निज्जर चौक से लेकर सेंट्रल बैंक तक की सड़क पर आज प्रीमिक्स डालने का काम शुरू किया गया। इस मौके पर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर देखी गई। लंबे समय से इस सड़क की खराब हालत के कारण लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस अवसर पर वार्ड नंबर 12 के निवासियों ने वाहेगुरु का धन्यवाद करते हुए अरदास करवाई और क्षेत्रीय काउंसलर राजवीर सिंह राजी को उनकी मेहनत और प्रयासों के लिए सम्मानित किया। राजी ने बताया कि इस सड़क के निर्माण कार्य को पूरा करवाने के लिए उन्होंने हलका विधायक अनमोल गगन मान, नगर काउंसिल प्रधान और अधिकारियों का धन्यवाद किया।

# अज्ञात कार सवार ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर

समर न्यूज़ | मोहाली

आज सुबह मोहाली के सेक्टर-71 की राधा स्वामी ट्रैफिक लाइट्स के पास एक सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात कार सवार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल युवक की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले का निवासी है। फिलहाल वह चंडीगढ़ सेक्टर-38 में किराये पर रहता है और रैपीटो में बाइक चालक के रूप में काम करता है। हादसे में राजेश कुमार की टांग में गंभीर चोटें आई हैं और फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पीसीआर



टीम मौके पर पहुंची, जिसका नेतृत्व एएसआई सुखदीप सिंह कर रहे थे। उन्होंने तुरंत एम्बुलेंस बुलवाई और घायल युवक को मोहाली फेज-6 स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। एएसआई सुखदीप सिंह ने बताया कि पुलिस नजदीकी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि हादसे में शामिल अज्ञात कार सवार की पहचान की जा सके। पुलिस ने मामले की सूचना नजदीकी थाना को भी दे दी है और कार की तलाश शुरू कर दी गई है।

# सांसद मनीष तिवारी ने उठाए सवाल, मनीमाजरा 24 घंटे पानी प्रोजेक्ट पर कैग से ऑडिट की मांग

### » 24 घंटे पानी मिलने का है दावा मिल रहा दो घंटेः सांसद मनीष तिवारी

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे 24 घंटे वॉटर सप्लाई प्रोजेक्ट पर अब सवाल उठने लगे हैं। चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने इस प्रोजेक्ट की कैग से संपूर्ण ऑडिट की मांग की है। उन्होंने कैग को लिखे पत्र में कहा है कि 591.57 करोड़ रुपए की लागत से शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अपने उद्देश्य को पूरा करने में पूरी तरह विफल रहा है। सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि इससे वित्तीय पारदर्शिता, कार्यान्वयन और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

**सांसद ने पत्र में उठाए चार प्रमुख सवाल**

सांसद ने बताया कि 166.06 करोड़ रुपए की लागत से तैयार मनीमाजरा पायलट प्रोजेक्ट का उद्देश्य शहर को 24 घंटे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन फिलहाल हालात इसके उलट हैं। न तो लगातार जलापूर्ति हो रही है और न ही पानी



की गुणवत्ता संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि परियोजना की वास्तविक स्थिति जानने के लिए ऑडिट जरूरी है। सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि स्थानीय लोगों की शिकायत है कि उन्हें दिन में केवल दो से चार घंटे ही पानी मिल रहा है जो कई बार दूषित भी होता है। नगर निगम के अधिकारी भी यह स्वीकार कर चुके हैं कि आपूर्ति में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि एमसीसी अब पूरे प्रोजेक्ट को रद्द करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि यह आर्थिक रूप से अव्यावहारिक हो चुका है। बढ़ती लागत और ब्याज के चलते पानी के बिल दोगुने तक बढ़ने की आशंका है।

**विजिलेंस जांच भी जारी**

सांसद ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में सड़क मरम्मत जैसी अहम लागतें डीपीआर में शामिल ही नहीं की गईं, जिससे खर्च और बढ़ गया है। साथ ही, भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विजिलेंस विभाग जांच कर रहा है, लेकिन नगर निगम ने जांच एजेंसी को अधूरी फाइलें सौंपी हैं। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई है कि जांच को प्रभावित करने की कोशिशें की जा रही हैं। इसलिए उन्होंने कैग से मांग की है कि वह प्रोजेक्ट की संपूर्ण वित्तीय और तकनीकी जांच करे जिसमें कुल लागत, फंडिंग स्रोत, ठेके की प्रक्रिया, फंड उपयोग, तकनीकी गुणवत्ता और वास्तविक परिणामों की समीक्षा शामिल हो। उन्होंने कहा कि यह मामला सीधे तौर पर जनता के धन, स्वास्थ्य और आवश्यक सेवाओं से जुड़ा है, इसलिए इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है। सांसद ने आरोप लगाया कि इस प्रोजेक्ट में स्पष्ट लापरवाही और अनियमितताएं दिखाई दे रही हैं।

# सेराजोत टाइल्स ने मोहाली में खोला पंजाब का सबसे बड़ा शोरूम

### » मनुष्यता दी सेवा के संस्थापक गुरप्रीत मिंटू, पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने किया उद्घाटन



मोहाली में सेराजोत शो-रूम उद्घाटन समारोह की झलकियां। सेराजोत ब्रांड के उद्घाटन के अवसर की विभिन्न तस्वीरें।

समर न्यूज़ | मोहाली

25 अक्टूबर, पंजाब की मिट्टी से गहरा जुड़ाव रखने वाले तरनजोत ग्रुप ने अपनी सफल यात्रा का एक और सुनहरा अध्याय जोड़ते हुए मोहाली में पंजाब का सबसे बड़ा और आधुनिक सेराजोत टाइल्स शो-रूम खोला है। शो-रूम का उद्घाटन मनुष्यता दी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक गुरप्रीत सिंह मिंटू और पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन समारोह में कई प्रमुख हस्तियों ने शिरकत कर आयोजन की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन अवसर पर गुरप्रीत सिंह मिंटू ने कहा कि तरनजोत ग्रुप केवल व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि अपने दसवंध के माध्यम से पंजाब भर में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अनेक समाजसेवी प्रोजेक्ट चला रहा है। उन्होंने कहा कि तरनजोत ग्रुप का मनुष्यता दी सेवा आश्रम से जुड़ाव यह दर्शाता है कि यह संस्था मानव कल्याण को अपने व्यवसायिक दृष्टिकोण का अहम हिस्सा मानती है। ग्रुप द्वारा शुरू किया गया नया शो-रूम विश्वस्तरीय गुणवत्ता और डिजाइन वाली टाइल्स से सुसज्जित है। यहां घरों, दफ्तरों और व्यावसायिक इमारतों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध हैं। तरनजोत ग्रुप के चेयरमैन गुरमीत सिंह मान ने कहा कि सेराजोत सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि गुणवत्ता और भरोसे का दूसरा नाम है। हमने हमेशा अपने ग्राहकों से सच्चाई, ईमानदारी और उच्च गुणवत्ता के आधार पर संबंध बनाए हैं। हमारे लिए मुनाफे से अधिक महत्वपूर्ण ग्राहक का विश्वास है। सेराजोत ब्रांड के निदेशक भूपिंदर सिंह और गुरजीत सिंह ने बताया कि उनके पंजाबभर में फैले शो-रूम ग्राहकों को तेज और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यह उनका 11वां शो-रूम है जिस पर ग्रुप को गर्व है। ग्रुप की प्रबंध निदेशक परमजीत कौर मान ने कहा कि यह शो-रूम केवल टाइल्स ही नहीं बल्कि घर की सुंदरता से जुड़ी सभी सामग्रियां एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाता है। उद्घाटन कार्यक्रम में कंपनी की ब्रांड एंबेसडर और प्रसिद्ध अभिनेत्री जैस्मिन बाजवा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम सदस्यों व डीलरों को सम्मानित किया। सेराजोत परिवार ने अपने ग्राहकों, डीलरों और सहयोगियों का आभार जताया और कहा कि यह सफलता उनके विश्वास और समर्थन का परिणाम है, जिसने सेराजोत को पंजाब का सबसे भरोसेमंद और अग्रणी टाइल ब्रांड बना दिया है। इस अवसर पर श्री अकाल तख्त साहिब के मुख्य ग्रंथी गुरमुख सिंह, पंजाब वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, सदन सदस्य सतनाम सिंह संधू, सिकंदर सिंह मलूका, बिलासपुर से विधायक मनजीत, हरमंदर सिंह जस्सी, आईएएस खुशप्रीत कौर सहित अनेक उद्योगपति, अधिकारी और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सर्ब सांझा वेलफेयर सोसाइटी ने 10 जरूरतमंद लड़कियों का सामूहिक विवाह कराया

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

विधायक कुलवंत सिंह के नेतृत्व में, सर्ब सांझा वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) - मोहाली द्वारा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, गुरुद्वारा नानक दरबार सेक्टर 90-91 और संगत के सहयोग से, गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब में 10 ज़रूरतमंद परिवारों की लड़कियों का सामूहिक आनंद करजत विवाह समारोह आयोजित किया गया। विवाह समारोह के दौरान नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के बाद, मोहाली के विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है कि अध्यक्ष फूलराज सिंह की देखरेख में सर्ब सांझा वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) की ओर से लड़कियों का सामूहिक विवाह कराया गया है और इस अवसर पर लड़कियों को घरेलू ज़रूरत का सामान भी दिया गया है। उन्होंने कहा



जरूरतमंद लड़कियों के सामूहिक विवाह समारोह के दौरान विधायक कुलवंत सिंह के साथ सोसायटी के अध्यक्ष फूलराज सिंह और अन्य लोग भी मौजूद हैं।

कि आमतौर पर संत महात्मा इस तरह के विवाह समारोह बड़े पैमाने पर आयोजित करते हैं। लेकिन फूलराज सिंह के संरक्षण में उनकी पूरी टीम पिछले 35 वर्षों से समाज सेवा, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यों में निरंतर सक्रिय है। इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह ने आनंद कारज के दौरान विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। विवाह समारोहों के बारे में बात करते हुए, सर्ब सांझा वेलफेयर सोसाइटी (रजि.) के अध्यक्ष - फूलराज सिंह - राज्य पुरस्कार से सम्मानित ने कहा कि लायंस क्लब पंचकूला प्रीमियर के डॉ. सतिंदर सिंह भावरा और परमजीत सिंह चौहान सहित विभिन्न समाज सेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के सहयोग से बेटियों को शादी में लगभग एक लाख रुपये का सामान भी दिया गया। फूलराज सिंह ने यह भी कहा कि सुबह 8 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया, जबकि बारात का स्वागत सुबह 9 बजे शुरू हुआ, सुबह 11 बजे नाश्ता परोसा गया और फिर आनंद कारज हुआ।

उन्होंने बताया कि 10 लड़कियों के विवाह समारोह के दौरान विधायक कुलवंत सिंह के अलावा श्रीमती प्रभजोत कौर - चेयरपर्सन जिला योजना बोर्ड मोहाली, विनीत वर्मा - सदस्य पंजाब राज्य व्यापारी आयोग, हरसिमरन सिंह बल - डीएसपी मौजूद थे। मोहाली, परमजीत सिंह चौहान, भगवान सिंह गिल - प्रबंध निदेशक - जी.डी.पी.एल, श्रीमती जगजीत कौर काहलों - चेयरपर्सन स्वर्गीय हरि सिंह मेमोरियल चैरिटेबल इंग्लिश स्कूल, डॉ. कुलदीप सिंह, हरमिंदर बजाज, कवलजीत सिंह रूबी, पूर्व पार्षद - इनर व्हील क्लब मैडम रंजू, कमलजीत कौर सुहाना, तरलोचन सिंह मटौर, राजिंदर प्रसाद शर्मा, हरपाल सिंह चन्ना, जसपाल सिंह मटौर, भूपिंदर सिंह कुंबरा, जसप्रीत सिंह गिल पार्षद, अशोक झा - इस अवसर पर पूर्व पार्षद माखा काजहेड़ी, सुखी, गुरुमीत सिंह, गुरवीर सिंह गुलाटी, जसजोत सिंह, तेजपाल सिंह, जसपाल सिंह, सुखबीर सिंह, बिक्रम विक्की हरपाल सिंह, शहीद भगत सिंह क्लब के सभी सदस्य, माई भागो इस्त्री सभा के सभी सदस्य भी उपस्थित थे।

# मिलिट्री लिटरेचर फेस्टिवल 2025 से पहले देशभक्ति की गूंज, चंडीगढ़ में निकली बाइक रैली

### » चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली के सैकड़ों बाइकर्स ने इसमें हिस्सा लिया

निशान सिंह | चंडीगढ़
समर न्यूज़

भारतीय सेना के शौर्य, सम्मान और देशभक्ति के प्रतीक मिलिट्री लिटरेचर फेस्टिवल 2025 की तैयारियों की शुरुआत एक शानदार बाइक रैली के साथ हुई। चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली के सैकड़ों बाइकर्स ने इसमें हिस्सा लिया। यह रैली शहर की प्रमुख सड़कों से गुजरी जहां लोगों ने जगह-जगह बाइकर्स का उत्साह बढ़ाया। रैली में महंगी और स्पोर्ट्स बाइक्स की मौजूदगी ने लोगों का ध्यान खींचा। तिरंगा लहराते हुए बाइकर्स जय जवान, जय भारत के नारे लगाते चले जिससे पूरा माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। रैली को अधिकारियों



ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो विभिन्न मार्गों से होकर वापस चंडीगढ़ प्रेस क्लब पहुंची। कार्यक्रम में सेना के पूर्व सैनिकों, एनसीसी कैडेट्स और स्थानीय बाइकिंग क्लबों के सदस्य भी शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार यह रैली मिलिट्री लिटरेचर फेस्टिवल 2025 की पूर्व तैयारियों का हिस्सा है। आगामी दिनों में इस महोत्सव में सैन्य इतिहास, वीर गाथाएं, डिफेंस टेक्नोलॉजी, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय नागरिकों ने सड़क किनारे खड़े होकर इस पहल की सराहना की और जवानों के सम्मान में जयकारे लगाए।

# सिखों की इतिहासक यादगार पर ताला क्यों : सोहाना

### » चपड़चिड़ी यादगार को लेकर बड़े सवाल हुए खड़े

हरजीत मठारू | मोहाली
समर न्यूज़

शिरोमणि अकाली दल सरकार के दौरान मोहाली के गाँव चप्पड़चिड़ी में नई पीढ़ियों को सिख इतिहास से जोड़ने के लिए बनाया गया फ़तेह मीनार, वर्तमान सरकार की अक्षमता और लापरवाही के कारण अब बंद पड़ा है।

आज यहाँ पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिरोमणि अकाली दल के ज़िला प्रधान परविंदर सिंह सोहाना ने बताया कि महरूम मुख्यमंत्री सरदार प्रकाश सिंह बादल द्वारा हज़ारों करोड़ की लागत से "फ़तेह मीनार" के नाम से बनवाया गया बाबा बंदा सिंह बहादुर का स्मारक लंबे समय से बंद पड़ा है, जिसके कारण इसे देखने आने वाले हज़ारों श्रद्धालुओ को निराश होकर वापिस जाना पड़ रहा हैं।

अकाली नेता सोहाना ने आज मौके पर पहुँचे उन श्रद्धालुओं से भी बात की, जो स्मारक पर ताला लगे होने के कारण निराश होकर लौट रहे हैं। इस स्मारक के रखरखाव के लिए ज़िम्मेदार कंपनी के एक कर्मचारी से



जब बात की गई, तो उसने बताया कि कंपनी को दिया गया ठेका समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस काम के लिए अभी तक टेंडर भी जारी नहीं किया है, जिसके चलते हमने अपना सामान समेट लिया है। अकाली नेता सोहाना ने सरकार से मांग की कि सिख इतिहास से जुड़े इस स्मारक पर ध्यान दिया जाए और इसे दोबारा शुरू किया जाए ताकि युवाओं को सिख इतिहास के बारे में जानकारी मिल सके।



# डिप्टी कमिश्नर निशांत यादव ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरजीत मठारू | चंडीगढ़
समर न्यूज़

सेक्टर 21 में आयोजित CRAW-FED की कार्यकारी बैठक में चंडीगढ़ के 102 RWAs के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक हॉल नागरिकों से भरा रहा।

CRAWFED के चेयरमैन हितेश पूरी ने डिप्टी कमिश्नर श्री निशांत यादव का स्वागत किया और CRAWFED के कामकाज की रूपरेखा से उन्हें अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन CRAWFED के सचिव डॉ. अनिश गर्ग ने किया।

बैठक में जनरल सेक्रेटरी राजत मल्होत्रा ने CRAWFED की ओर से चंडीगढ़ के नागरिकों की समस्याएं प्रस्तुत कीं और स्मारक पत्र अध्यक्ष हितेश पूरी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर निशांत यादव को सौंपा।

मुख्य मुद्दे और सुझावः

हितेश पूरी ने पुराने लंबित निर्माण उल्लंघन मामलों और जुर्मानों के शीघ्र निपटान की आवश्यकता उठाई।

CRAWFED के मुख्य संरक्षक मेज़र डी पी सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और ई-संपर्क केंद्रों में नागरिकों



की असहयोगी प्रवृत्ति के मुद्दे उठाए।

बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर निशांत यादव ने नागरिकों की समस्याएं व्यक्तिगत रूप से सुनी।

सेक्टर 23 के श्री सतिजा ने एन-चो की सफाई और चल रहे सहज क्लीनिंग सेंटर को बंद करने की मांग की।

इंद्रा कॉलोनी मं. माजरा के प्रतिनिधि ने खेल का मैदान बनाने का आग्रह किया।

सेक्टर 11, 13 और 61 के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं और स्मारक पत्र सौंपा।

**डिप्टी कमिश्नर का संदेशः**

उन्होंने CRAWFED और चेयरमैन हितेश पूरी का धन्यवाद किया।

सिंगल विंडो डिस्पोजल सिस्टम जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया।

संपत्ति से संबंधित छोटी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 600 फाइलें बंद करने की प्रक्रिया जारी है।

एस्टेट ऑफिस आने वाले नागरिकों के लिए प्रतीक्षालय की सुविधा जल्द उपलब्ध करवाई जाएगी।

निवासी संपत्तियों पर उल्लंघन के जुर्माने को कम करने और समय देकर सुधार करने की व्यवस्था की जाएगी।

चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम से संबंधित समस्याओं के लिए दोनों विभागों के साथ बैठक करने का वादा किया।


**अन्य उपस्थित सदस्यः**

पूर्व मेयर अनूप गुप्ता, नामित पार्षद सतींदर सिंह, गीता चौहान, मोहिंदर कौर भी बैठक में मौजूद रहे।

# ग्रीन मोहाली क्लीन मोहाली के तहत शहर में सफाई अभियान शुरू : मिढ़ूखेड़ा

हरजीत मठारू | मोहाली
समर न्यूज़

मोहाली शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए मोहाली में विक्की मिढ़ूखेडा फाउंडेशन की पूरी टीम ने ग्रीन मोहाली क्लीन मोहाली के तहत सफाई अभियान की करी शुरुआत । इस अभियान की अगुवाई फाउंडेशन के प्रमुख अजयपाल मिढ़ूखेडा ने की ओर जानकारी देते हुए अजयपाल मिढ़ूखेडा ने बताया कि यह सफाई ड्राइव आज सेक्टर 71 से आरंभ की गई है, और आने वाले दिनों में इसे पूरे मोहाली शहर में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विक्की मिढ़ूखेडा फाउंडेशन का मकसद है कि मोहाली को फिर से वीआईपी शहर के रूप में पहचान दिलाई जाए और शहर को कूड़े की समस्या से पूरी तरह निजात मिले। अजय पाल मिढ़ूखेडा ने मोहाली के नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा, "आओ हम सब मिलकर मोहाली शहर को सुंदरता और स्वच्छता की ओर लेकर



चलें। यह हमारा अपना शहर है, इसकी देखभाल करना हर नागरिक का कर्तव्य है।" साथ ही अजयपाल मिढ़ूखेडा ने मोहाली नगर निगम और मोहाली से आम आदमी पार्टी के विधायक कुलवंत सिंह से भी अपील की कि शहर में नियमित रूप से कूड़ा उठाने और डंप साइट्स की सफाई के लिए विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि मोहाली को जल्द से जल्द कूड़े के ढेरों से छुटकारा मिल सके।

मिढ़ूखेडा ने बताया कि आने वाले दिनों में इस अभियान के तहत विभिन्न सेक्टरों और बाजारों में भी सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता संदेश भी फैलाए जाएंगे।

अजयपाल मिढ़ूखेडा फाउंडेशन की इस पहल को स्थानीय निवासियों ने सराहा और कई लोगों ने अपने स्तर पर इस अभियान में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# फैटी लिवर से बचने के लिए खाने पीने पर देना होगा ध्यान : डॉ अमनप्रीत

सेहत








**समर न्यूज | चंडीगढ़**

पहले माना जाता था कि तीस साल से ज्यादा उम्र या अधिक शराब पीने वालों में फैटी लिवर की समस्या ज्यादा है, लेकिन अब बच्चों में भी तेजी से यह समस्या बढ़ रही है। एमएचके हेल्थ केयर के डॉ अमनप्रीत ने बताया कि चिंताजनक बात ये है कि स्कूल जाने वाले बच्चों में भी हर दस में से एक बच्चे में फैटी बदलाव दिखने लगे हैं। फास्ट फूड, देर रात का खाना, तेल की रीयूज्ड फ्राइंग, प्रिजर्वेटिव-भरे सॉस ये सब लिवर टॉक्सिक हो सकते हैं। डॉ अमनप्रीत ने बताया कि हमारी ओपीडी में फैटी लीवर के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। ओपीडी प्रैक्टिस में मरीज जब अल्ट्रासाउंड या लिवर परीक्षण करवाते हैं तो उनका फैटी लिवर ग्रेड वन होता है। शुरुआती स्टेज में अल्कोहल नुकसानदेह है। डॉ अमनप्रीत ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार रात को सोने से पहले लगभग सौ कदम हल्की चाल चलना चाहिए। ज्यादा वॉक और वर्कआउट नहीं करना चाहिए। डिनर सूरज ढलने के पहले छह से सात बजे तक करना चाहिए। रात दस बजे से ग्यारह बजे भारी भोजन पाचन को बिगाड़ता है। ओवरईटिंग, मोबाइल स्क्रीन के सामने खाना कम शारीरिक गतिविधि से भी फैटी लिवर हो सकता है। बच्चों को घर का ताजा खाना, कम तेल-मसाला, फाइबर प्रोटीन युक्त खाना, दलिया, सेवईं, आटे, मल्टीग्रेन के हेल्दी विकल्प, दालें, सब्जियाँ, फल, खाने चाहिए।

**रोज तीस मिनट करें व्यायाम**

फैटी लिवर से बचने के लिए रोज तीस से चालीस मिनट व्यायाम करें। पर्याप्त नींद लें। परिवार के साथ समय बिताने से भी फैटी लिवर से बचा जा सकता है। शराब और तंबाकू से परहेज करना चाहिए। डॉ अमनप्रीत ने बताया कि भारत डिजीज कैपिटल बनता न दिखे इसके लिए घर की थाली, साफ पानी, हवा, सक्रिय दिनचर्या, कम तनाव ये हमारी असली दवा हैं। बच्चों को जंक से दूर रखिए, परिवार में साथ खाइए-पीजिए खुश रहिए लिवर खुद-ब-खुद आपका साथ देगा।

**बच्चों का फैटी लिवर होना बेहद चिंताजनक** : बच्चों में फैटी लिवर की बिमारी होना बहुत ही चिंताजनक है। हमें अपनी जीवनशैली और संस्कृति में जल्द से जल्द बदलाव लाने चाहिए ताकि हम इन्हें अपनी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा सकें। आपको क्या लगता है इसका सबसे बड़ा कारण क्या है? अगर हम बच्चों की बात करें, तो खान-पान क्योंकि आज के समय में, हर बच्चा, चाहे उसके पास पांच रुपये हों, वो कुछ ऐसा खा सकता है जो उसके लिए बहुत बुरा है। डॉ अमनप्रीत ने बताया कि उन्हें लगता है कि लगभग हर बच्चा रोज एक पैकेट चिप्स खाता है और अगर घर की बात करें, तो बच्चे सप्ताह में दो या तीन बार मैगी जरूर खाते हैं। गलत खानपान ही हमारे फैटी लिवर की बीमारी का कारण बनता है।



**सॉस में इस्तेमाल होता है प्रिजर्वेटिव केमिकल्स**

डॉ अमनप्रीत ने बताया कि अगर बड़ों की बात करें तो उनके खाने में जंक फूड, फास्ट फूड शामिल है जो हम बाजार से खा रहे हैं। तलने के लिए बार-बार एक ही तेल का इस्तेमाल हो रहा है, ये सब सॉस जो इस्तेमाल हो रहे हैं। इसमें जरूरत से ज्यादा प्रिजर्वेटिव केमिकल्स हैं। हमारे खाने का टाइम टेबल बहुत ज्यादा खराब हो गया है। तनाव की बात करें तो ज्यादातर लोग बैठते समय, सोते समय भी तनाव में रहते हैं। ये भी फैटी लिवर की समस्या बन सकता है। इसके अलावा हम जानते हैं कि हर बीमारी पेट से शुरू होती है, इसलिए अगर किसी को बचपन से ही पेट की समस्या रही है तो बड़े होने पर बड़ी बीमारियां होने की संभावना अपने आप बढ़ जाती है। तीसरी चीज जिस पर हमें बात करनी चाहिए वो है फैट का मेटाबॉलिज़्म, शुगर का मेटाबॉलिज्म, प्रोटीन का मेटाबॉलिज्म, ब्लड का मेटाबॉलिज्म। ज्यादातर मेटाबॉलिज्म लिवर में हो रहा है। इसलिए अगर लिवर खराब हो जाए तो हमें हर तरह की बीमारी होने का खतरा बहुत ज्यादा है। डॉ अमनप्रीत ने बताया कि मैं कहता हूँ, चलो इसे दो मिनट पहले बच्चों पर लागू करते हैं क्योंकि ये बहुत जरूरी है। आजकल हम जो बच्चे देखते हैं वो पास्ता खा रहे हैं या पास्ता चिप्स खा रहे हैं। हर घर की यही कहानी है। ये पास्ता चिप्स कितने जानलेवा हैं और अगर हम इनका कोई विकल्प खोज लें तो बच्चे ऐसा क्या खा सकते हैं जो उनकी सेहत के लिए भी हेल्दी हो।

**बच्चों में अच्छा खाने खाने की आदत डालें** : डॉ अमनप्रीत ने बताया कि बच्चों को इन बीमारियों से बचाना है, अगर हमें अपने युवाओं को स्वस्थ रखना है, तो ये बहुत जरूरी है कि बच्चों को समझाने में हमें कुछ दिन जरूर मुश्किल होगी, लेकिन ये बातें जरूरी समझनी चाहिए क्योंकि अगर हम बड़ों में नशे की लत की बात कर रहे हैं और एक तरह से बच्चे जो चीजें खा रहे हैं वो एक तरह से आदी हो चुके हैं चाहे वो मिठाई हो, तली हुई चीजें हों या मैगी हो।

हमने इन बच्चों के बारे में बात की, जो नशे के आदी हो चुके हैं, जब वो छोटे होते हैं, तो उन्हें अपने अच्छे-बुरे का भी पता नहीं होता, और हम सोच सकते हैं कि आगे क्या होगा। हम अपने बच्चों में अच्छे खाने की आदत डालने की कोशिश करें। हम उनके लिए सेवइयां भी बना सकते हैं। हम उनके लिए दलिया बना सकते हैं। हम घर पर बहुत सी चीजें बना सकते हैं जो बाहर से मिलती हैं।

## महापर्व छठ का शुभारंभ

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय अनुष्ठान, घाटों पर उमड़ी श्रद्धा की भीड़



आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शनिवार से नहाय-खाय की विधि के साथ आरंभ हो गया। कुटुंबा प्रखंड के भास्कर नगर दोमुहान संड़सा स्थित बतरे-बटाने संगम तट पर तड़के से ही व्रती स्नान और पूजन के लिए पहुंचने लगे। आसपास के अन्य नदी घाटों, सरोवरों और जलाशयों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

व्रती महिलाओं ने परंपरा के अनुसार चावल, चना दाल और कद्दू (लौकी) की सब्जी बनाकर व्रत की शुरुआत की। पूरे प्रखंड में गांव-गांव, घाट-घाट की सफाई की गई और छठ पूजा की पवित्रता बनाए रखने के लिए घाटों को फूलों और रंगीन झालरों से सजाया गया।

दोमुहान घाट पर व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए शौचालय, चेंजिंग रूम और प्रसाधन जैसी सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। हर साल की तरह इस बार भी यहां एक भव्य मेला आयोजित किया जा रहा है। खेल-तमाशा और झूले लगाने वालों ने पहले ही अपने स्टॉल सजा लिए हैं।

पूजा समितियों ने व्रतियों के ठहरने, पूजा सामग्री और प्रसाद वितरण जैसी व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाल रखा है। अंबा, महसू, दधपा, चौखरा, रिसियप और पिपरा बगाही सहित कई स्थलों पर श्रद्धालु भगवान सूर्य को अस्ताचल और उदीयमान अर्घ्य अर्पित कर रहे हैं।

**सूर्योपासना का अनोखा पर्व**

छठ पूजा भगवान सूर्य की आराधना और कृतज्ञता का प्रतीक है। व्रती चार दिनों तक कठोर नियमों का पालन करते हैं — स्नान, उपवास, निर्जला व्रत और सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पण। बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड ही नहीं, बल्कि विदेशों में बसे भारतीय समुदाय भी इसे पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं।

**छठ की ऐतिहासिक मान्यता**

आचार्य राजकुमार शास्त्री के अनुसार, छठ की परंपरा त्रेतायुग से जुड़ी है। जब भगवान राम और सीता 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे, तब रावण वध के पाप से मुक्ति के लिए उन्होंने राजसूर्य यज्ञ का आयोजन किया। ऋषि मुग्दल ने मां सीता को कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर सूर्यदेव की उपासना करने का आदेश दिया।

माता सीता ने छह दिनों तक मुग्दल ऋषि के आश्रम में रहकर सूर्य भगवान की साधना की और सप्तमी को सूर्योदय के समय अर्घ्य अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तभी से यह परंपरा अखंड रूप से चल रही है और आज यह पर्व आस्था, अनुशासन और पवित्रता का प्रतीक बन चुका है।

**सूर्य उपासना और आस्था का अद्भुत संगम**

बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और नेपाल के कई हिस्सों में मनाया जाने वाला छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे पवित्र पर्व माना जाता है। यह पर्व उगते और डूबते सूर्य दोनों के प्रति श्रद्धा और आभार व्यक्त करता है। व्रती इस दौरान 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हैं और चार प्रमुख चरणों — नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और प्रातः अर्घ्य — के माध्यम से यह अनुष्ठान पूरा करते हैं।

इस पर्व में प्रयुक्त हर वस्तु - सूपा, खीर, फल, दीपक, पूजा सामग्री - का अपना विशेष धार्मिक महत्व होता है। इनमें से सूपा (सूप) सबसे अहम माना जाता है, जिसका प्रयोग सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करने के लिए किया जाता है। सूपा सामान्यतः बांस या पीतल से बना होता है, और दोनों का ही धार्मिक दृष्टि से गहरा अर्थ है।

**बांस का सूपा**

बांस का सूपा प्राकृतिक रूप से शुद्ध और शुभ माना जाता है। बांस को पवित्र वृक्ष का दर्जा प्राप्त है, जो दीर्घायु, समृद्धि और स्थिरता का प्रतीक है। परंपरा है कि बांस के सूपा से अर्घ्य देने पर संतान की आयु लंबी होती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

**पीतल का सूपा**

पीतल का सूपा भी धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसका सुनहरा रंग सूर्य देव की आभा और तेज का प्रतीक है। पीतल के सूपा में रखे फल, मिठाइयाँ और प्रसाद सूर्य देव को अर्पित किए जाते हैं, जिससे सुख, समृद्धि और आरोग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**कौन-सा सूपा है अधिक शुभ?**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बांस का सूपा शुद्धता, सादगी और नैतिकता का प्रतीक होने के कारण अधिक शुभ माना जाता है। वहीं, पीतल का सूपा भक्ति, वैभव और समृद्धि का द्योतक है। दोनों ही पवित्र माने जाते हैं, लेकिन परंपरागत रूप से बांस का सूपा छठ पूजा में प्रमुख स्थान रखता है।

**उगते सूर्य की पूजा क्यों की जाती है?**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, दानवीर कर्ण का जन्म भगवान सूर्य के वरदान से हुआ था। वे सूर्यदेव के परम भक्त थे और प्रतिदिन कमर तक जल में खड़े होकर निर्जल उपासना किया करते थे।

कहा जाता है कि सूर्यदेव की कृपा से ही उन्हें कवच, कुंडल और अपार शक्ति प्राप्त हुई थी। यही कारण है कि आज भी छठ व्रती जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं।

**लोक मान्यताएँ और परंपराएँ**

लोककथाओं के अनुसार, छठ पर्व का संबंध सप्तऋषियों और उनकी पत्नियों से भी है, जिन्होंने सूर्य देव की आराधना कर संतान और समृद्धि का आशीर्वाद पाया था। एक अन्य मान्यता के अनुसार, भगवान राम और माता सीता ने अयोध्या लौटने के बाद रावण वध के पाप से मुक्ति पाने के लिए सूर्यदेव की पूजा की थी।



# महिला विश्व कप : भारत ने टॉस जीतकर चुनी गेंदबाजी, उमा छेत्री करेंगी डेब्यू



**समर न्यूज़ | नवी मुंबई**

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप 2025 के 28वें मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया है। भारतीय टीम 3 बदलावों के साथ इस मैच में उतरी है। उमा छेत्री को वनडे में डेब्यू का मौका मिला है। बारिश के चलते टॉस में देरी हुई। आसमान में बादल छाए होने के कारण भारत ने गेंदबाजी का फैसला लिया। इस मुकाबले से विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष को आराम दिया गया है। उनके स्थान पर उमा छेत्री प्लेइंग इलेवन में मौजूद हैं।दूसरी ओर, क्रांति गौड़ और स्नेह राणा इस मुकाबले में नहीं खेल रही हैं। उनके स्थान पर राधा यादव और अमनजोत कौर को मौका दिया गया है। भारतीय टीम सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर चुकी है। वहीं, बांग्लादेश की टीम खिताबी दौड़ से बाहर है, लेकिन बांग्लादेश इस मुकाबले को जीतकर प्वाइंट्स टेबल में अपनी स्थिति बेहतर करना चाहेगा। वहीं, भारत इस मैच में अपनी तैयारियां परखने उतरा है। भारत ने महिला विश्व कप 2025 में अब तक 6 में से 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के विरुद्ध हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 53 रन से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया।

दूसरी ओर, पाकिस्तान के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज करने के बाद बांग्लादेश को इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के विरुद्ध हार का सामना करना पड़ा। डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स एकेडमी में जारी इस मुकाबले में बारिश बीच-बीच में रुकावट पैदा करेगी। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी रहेगी, लेकिन पिच में हल्की घास के चलते यहां बाउंस देखने को मिल सकता है।

भारतीय की प्लेइंग इलेवनः प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, जेमिमा रोड्रिगेज, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), दीप्ति शर्मा, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, राधा यादव, श्री चरणी और रेणुका सिंह ठाकुर। बांग्लादेश की प्लेइंग इलेवनः सुमैया अख्तर, रुब्या हैदर, शर्मिन अख्तर, सोभना मोस्टरी, निगार सुल्ताना (कप्तान/विकेटकीपर), शोर्ना अख्तर, रितु मोनी, राबिया खान, नाहिदा अख्तर, निशिता अख्तर निशी और मारुफा अख्तर।

# पहला सिख बना पावर स्लैप चैंपियन

» रोपड़ के जुझार सिंह ने रूसी खिलाड़ी को थप्पड़ से हिलाया




**एजेंसी | अबूधाबी**

पंजाब के रोपड़ जिले के श्री चमकौर साहिब के रहने वाले जुझार सिंह ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने अबूधाबी में आयोजित पावर स्लैप चैंपियनशिप में अपने रूसी प्रतिद्वंद्वी एंटली ग्लुशका को हराकर पहला सिख पावर स्लैप किंग बनने का गौरव हासिल किया।

यह मुकाबला 24 अक्टूबर को हुआ था। मुकाबले के बाद जुझार ने फेसबुक पर वीडियो शेयर करते हुए कहा आज मेरा सपना पूरा हुआ, अब मैं पहला भारतीय पावर स्लैप चैंपियन हूं।

मुकाबले की शुरुआत टॉस से हुई, जिसे ग्लुशका ने जीता और पहला थप्पड़ जुझार के गाल पर मारा। जुझार हल्का पीछे हटे, लेकिन संतुलन बनाए रखा। जवाबी थप्पड़ में ग्लुशका हिला नहीं और पहले राउंड में उसे 10, जबकि जुझार को 9 अंक मिले।

दूसरे राउंड में ग्लुशका का थप्पड़ जुझार की आंख पर लगा, जिससे उन्हें चोट आई। यह फाउल घोषित हुआ। तीसरे राउंड में जुझार ने जबर्दस्त वापसी की। उनके एक जोरदार थप्पड़ से ग्लुशका लड़खड़ा गए।

**नतीजा** : जुझार को 29 अंक, जबकि ग्लुशका को 27 अंक मिले। आंख में चोट के बाद कोच ने जुझार से कहा "कोई बात नहीं, तुम पंजाबी हो।" इस पर जुझार ने मूंछों पर ताव देते हुए कहा "दसदा मैं तैनूं"। और जब जीत का ऐलान हुआ तो जुझार ने स्टेज पर ही भंगड़ा किया और सिद्धू मूसेवाला स्टाइल में पट्ट पर थापी मारी, बोल उठे "पंजाबी आ गए ओए!"

# पंजाब एफसी ने सुपर कप से पहले गोलकीपर के साथ किया करार

**समर न्यूज़ | मोहाली**



पंजाब एफसी ने अपनी गोलकीपिंग लाइनअप को और सशक्त बनाते हुए भारतीय गोलकीपर अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने की घोषणा की है। महिलपुर (पंजाब) के 28 वर्षीय खिलाड़ी ने क्लब के साथ एक वर्ष का अनुबंध किया है। वे हैदराबाद एफसी (इंडियन सुपर लीग – आइएसएल) से टीम में शामिल हो रहे हैं, और एआईएफएफ सुपर कप 2025 के अपने पहले मैच — गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ — से पहले टीम के लिए बड़ी मजबूती माने जा रहे हैं। यह मुकाबला 27 अक्टूबर को खेला जाएगा। स्थानीय सितारे की वापसी अर्शदीप का करियर पंजाब क्षेत्र की मिट्टी से गहराई से जुड़ा रहा है। उन्होंने अपने फुटबॉल की बुनियादी शिक्षा एआईएफएफ एलीट अकादमी से ली और उसके बाद मिनर्वा पंजाब के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की। 2016-17 सीजन में सीनियर टीम में प्रमोट किए जाने के बाद, वे 2017-18 सीजन में आई-लीग जीतने वाली ऐतिहासिक टीम का हिस्सा रहे। मिनर्वा के साथ अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने एएफसी चैंपियंस लीग क्वालिफायर और एएफसी कप दोनों में महत्वपूर्ण मैच खेले, जिससे उन्हें अपने करियर की शुरुआती अवस्था में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त हुआ।

आईएसएल में साबित की क्षमता

2019 में अर्शदीप ने इंडियन सुपर लीग (ISL) में कदम रखा और तीन अलग-अलग क्लबों के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

ओडिशा एफसीः अर्शदीप ने क्लब के साथ तीन सीजन बिताए।

# गुरु नानक स्टेडियम लुधियाना में शुरू हुए 69वें पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

69वें पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल 2025-26 के ऐथलेटिक्स मुकाबले (अंडर 14, 17, 19 साल) गुरुनानक स्टेडियम लुधियाना में शुरू कर दिए गए। इन मुकाबलों का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी (सैकेंडरी शिक्षा) डिंपल मदान और उप जिला शिक्षा अधिकारी (सैकेंडरी शिक्षा) अमनदीप सिंह की मार्गदर्शन में हुआ, जबकि जिला स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर कुलवीर सिंह ने इसका पर्यवेक्षण किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 23 जिलों के एथलीटों ने भाग लिया।






3000 मीटर रेस (अंडर 19 साल) में लड़कियों में राजविंदर कौर (जिला तरनतारन) ने पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद तंवीर कौर (जिला हुशियारपुर) दूसरे, तमन्ना (जिला गुरदासपुर) तीसरे और गगनदीप कौर (जिला बठिंडा) चौथे स्थान पर रही। वहीं लड़कों में जशनप्रीत सिंह (जिला अमृतसर) ने पहला स्थान, करणवीर सिंह (जिला अमृतसर) दूसरे, गुरमीत सिंह (जिला फाजिल्का) तीसरे और जसप्रीत राम (जिला बठिंडा) चौथे स्थान पर रहे। लंबी छलांग (अंडर 17 साल) में हरमनप्रीत सिंह (जिला गुरदासपुर) ने पहला, गगनदीप सिंह (जिला लुधियाना) दूसरे, गुरनूर सिंह (जिला मोगा) तीसरे और अविजोत सिंह (जिला संगरूर) चौथे स्थान पर रहे। शॉटपुट (अंडर 19 साल) में नवनीत कौर (जिला पटियाला) ने पहला, गुरकंवल कौर (जिला पटियाला) दूसरे, जन्नत (जिला फाजिल्का) तीसरे और दिक्षिता (जिला हुशियारपुर) चौथे स्थान पर रही। प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यार्थियों में खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक कौशल बढ़ाने के लिए किया गया है।

# खुले सीवर में गिरा बच्चा, राहगीरों ने निकाला, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई, हल्का विधायक बोले: जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई

## गोल्डन एवेन्यू कॉलोनी में हादसा... बच्चा पार्क की ओर जा रहा था, खुले पड़े ढक्कन पर नजर न जाने के कारण बच्चा सीवरेज में गिरा

अशवनी पाहवा/लुधियाना| समर न्यूज़

जागीरपुर रोड स्थित गोल्डन एवेन्यू कॉलोनी में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना कैमरे में कैद हुई। कॉलोनी में स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल से महज़ 10 कदम की दूरी पर खुले पड़े सीवरेज के ढक्कन ने एक मासूम बच्चे की जान लगभग ले ली थी। वीडियो फुटेज में साफ़ दिखा कि पीली टी-शर्ट और काली निक्कर पहने छोटा बच्चा पार्क की ओर जा रहा था। रास्ते में खुले सीवरेज का ढक्कन नज़र न आने के कारण वह अचानक उसमें गिर पड़ा। गिरते ही उसकी चीखें गूंजीं और आसपास से गुजर रहा एक साइकिल सवार युवक तुरंत रुक गया। युवक ने बिना समय गंवाए शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों ने मिलकर बच्चे को समय पर निकाल लिया गया। सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

### ▪ खुला ढक्कन बना मासूम की जान का दुश्मन, कैमरे में कैद हुआ दिल दहला देने वाला मंज़र


सीवरेज में गिरता बच्चा।


राहगीर बच्चे की जान बचाते।

*कैमरे में कैद खौफनाक फोटेज़ में दिख रहा है कि पीली टी-शर्ट और काली निक्कर पहने एक छोटा बच्चा पार्क की ओर जा रहा था। उसे इस बात का अंदाज़ा नहीं था कि उसके रास्ते में सीवरेज का ढक्कन खुला हुआ है। अचानक बच्चा उसमें जा गिरा। गिरते ही उसकी चीखें गूंजीं और पास से गुजर रहा एक साइकिल सवार बच्चा रुक गया। उसने तुरंत लोगों को बुलाया और कुछ ही पलों में आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। यह सारी घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। जहां गोल्डन रिवेन्यू कॉलोनी में रहने वाला 10 बच्चा पार्क के पास घूमता हुआ सीवरेज में जा गिरा।*

### लोगों ने दिखाई हिम्मत, हाथों से निकाला बाहर

*मौके पर मौजूद लोगों ने बिना एक पल गंवाए बच्चे को गड्ढे से अपने हाथों से खींचकर बाहर निकाला। गड्ढे से बाहर आने के बाद बच्चा पूरी तरह सहम गया था। इलाके के लोगो के अनुसार, यदि थोड़ी भी देर हो जाती तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। बच्चा सीवरेज के अंदर गंदगी से भरे पानी मे था। अगर उसे समय रहते बाहर ना निकालते, तो शायद उसकी जान भी जा सकती थी।*

**▪ इलाके में गुस्सा, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप...**

*इस हादसे के बाद स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और नगर निगम के खिलाफ नाराज़गी जताई। उन्होंने बताया कि पूरी कॉलोनी में कई जगह सीवरेज ढक्कन टूटे या खुले पड़े हैं। आए दिन लोग गिरते-गिरते बचते हैं, लेकिन इस बार तो मामला बच्चे की जान तक पहुंच गया।*

निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि निगम ने तत्काल कार्रवाई नहीं की तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

**▪ विधायक भोला ने कहा जांच के बाद करवाई करेंगे...**

*हल्का विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल ने बताया कि इस मामले में फिलहाल उनके पास कोई जानकारी नहीं आई है। वह खुद इस इलाके में जाकर आयेंगे और इस घटना की जांच करवाई जाएगी। अगर किसी भी निगम अधिकारी की गलती सामने आई, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*



***रखबग में प्रकृति की सुंदरता और पक्षियों की उड़ान, सब कुछ एक ही तस्वीर में...***

श्री तिरूपति बाला जी भगवान को प्रथम निमंत्रण भेंट कर शुरू हुई रथ यात्रा की तैयारियां

## चौथी श्री तिरुपति बाला जी रथ यात्रा 14 दिसंबर को

समर न्यूज़ | लुधियाना


श्री तिरूपति बालाजी ट्रस्ट की तरफ से श्री दुर्गा माता मंदिर, जगराओं पुल से 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली चौथी श्री तिरुपति बाला जी रथ यात्रा का प्रथम निमंत्रण श्री तिरूपति बालाजी भगवान को भेंट कर रथ यात्रा की तैयारियां आंरभ हुई । श्री तिरूपति बालाजी ट्रस्ट के संजीव शेरू सचदेवा,बौवी कांसल,प्रिंस वालिया,विमल हरजाई व अमन चावला ने कुरूक्षेत्र स्थित श्री तिरूपति बालाजी मंदिर में बाला जी को प्रथम निमंत्रण भेंट कर यात्रा के निर्विघन संपन होने की प्रार्थना की । सर्वप्रथम श्री तिरूपति बालाजी कुरूक्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य शुक्ला जी,पंडित लव कुश की तरफ से उच्चारित मंत्रो व जय गोविंदा के जैकारे के बीच श्री तिरूपति बालाजी ट्रस्ट के सदस्यों ने श्री तिरूपति बालाजी का विधिवत पूजन किया। 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली चौथी श्री तिरुपति बाला जी रथ यात्रा की जानकारी देते हुए संजीव सचदेवा शेरू ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री तिरुपति बाला जी रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी । भगवान श्री तिरुपति बाला जी मां भू देवी और मां लक्ष्मी के साथ भक्तों को अपने आलौकिक दर्शन देगें । बौवी कांसल,प्रिंस वालिया,विमल हरजाई व अमन चावला ने बताया कि रथयात्रा का सैकड़ों जगह भव्य स्वागत होगा। रथयात्रा के प्रसार प्रसार के लिए जल्द ही शहर को विभिन्न जोनो में विभाजित करके निमंत्रण भेंट किए जाएगे। करण नागपाल ,अशोक गोयल, बनवारी हरजाई व मधु सूदन सूद ने बताया कि रथयात्रा के प्रसार प्रसार के लिए विभिन्न सूचना के केंद्र भी खोले जाएंगे।



श्री तिरुपति बाला जी को पहला निमंत्रण भेंट करते।

पुलिस स्टेशन से 500 मीटर दूरी पर वारदात, नही होती गश्त

## कपड़े की दुकान से लाखों का माल ले उड़े चोर, घटना सीसीटीवी में कैद




सीसीटीवी कैमरों में कैद दुकान के बाहर खड़ी कार, इधर जानकारी देते हुए दुकानदार गुरमीत।

अशवनी पहवा/शेखर शर्मा लुधियाना| समर न्यूज़

शहर में चोरों के हौसले एक बार फिर बुलंद दिखाई दे रहे हैं।रोजाना महानगर में चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला वृंदावन रोड का है, जहां कार में आये चोरों ने एक कपड़े की दुकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए का सामान उड़ा लिया। दुकानदार ने मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे एक स्विफ्ट कार दुकान के सामने आकर रुकी। कार चालक ने पहले बोनट खोलकर गाड़ी में खराबी दिखाने का नाटक किया और उसी दौरान अपने साथियों के साथ दुकान का ताला तोड़ दिया। कुछ ही मिनटों में चोरों ने अंदर रखा लाखों का कपड़ा अपनी गाड़ी में भर लिया और फरार हो गए। ये सारी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें गाड़ी का नंबर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। दुकानदार गुरमीत सिंह ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर चोरी हुई है, वहां से सिर्फ 500 मीटर की दूरी पर पुलिस स्टेशन स्थित है। उनके इलाके में इससे पहले भी ऐसी वारदातें हो चुकी है, लेकिन कई बार कहने पर भी इलाके में पुलिस गश्त नही होती।

इस घटना ने एक बार फिर से शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है।







*लुधियाना| लुधियाना में छठ पूजा की खरीदारी के लिए लोग जालंधर बाईपास के सलेम टाबरी और अन्य स्थानीय बाज़ारों में विभिन्न पूजा सामग्री जैसे चावल, चना, सिंदूर, फल, गुड़, घी, ठेकुआ और श्रृंगार का सामान खरीद रहे हैं। इसके अतिरिक्त, वे लाल, ऑरेंज या केसरिया जैसे शुभ रंग की साड़ियां भी खरीद रहे हैं जो छठ पूजा के दौरान बहुत शुभ मानी जाती हैं।* -फ़ोटो: लक्की भट्टी

## घर में घुस महिला को जान से मारने की धमकी

**लुधियाना|** मामूली बात के बाद हुए विवाद के चलते कुछ लोगों द्वारा एक घर में घुसकर बदमाशी की गई। उक्त लोगों द्वारा घर में मौजूद महिला के साथ बदसलूकी की गई जबकि महिला ने आरोप लगाया कि बदमाशों ने उसको पिस्टल के बल पर जान से मारने की धमकियां भी दी। आरोपी तो वहां से भाग निकले जबकि परिवार ने मामले की शिकायत थाना डिवीजन 3 की पुलिस को थी। वहीं थाना 3 की पुलिस ने इस मामले में महिला जसवीर कौर के बयानों पर आरोपी हनी ढोलेवालिया, करनैल सिंह, प्रदुमन, जानू सहगल, ज्योति मोटा और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## मार्केटिंग हेड पर हमला, सड़क पर गाड़ी को ओवरटेक कर मारे पत्थर


कार में बैठे शंकर राणा पर हमला करते बाइक सवार युवक।

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के साहनेवाल रोड पर शनिवार की रात एक बाइक सवार दो युवकों ने फिल्मी स्टाइल में वरना कार को कार को घेरकर चालक पर पत्थरों से हमला कर दिया। हमले के दौरान कार चालक बुरी तरह से जख्मी हो गया। वही हमलावर उसकी कार के शीशे भी तोड़ गये। इस सारी घटना को वहां पर मौजूद एक राहगीर ने अपने मोबाइल फोन के कैद कर लिया। जिसके बाद घायल का सिविल अस्पताल में से मेडिकल करवा मामले की शिकायत थाना साहनेवाल की पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हमले में घायल वरना कार चालक की पहचान फोरज ऑटोस कोहाड़ा के मार्केटिंग हेड शंकर राणा (56) के रूप में हुई। वह ग्यासपुरा के 33 फूटा रोड पर रहता है। अस्पताल में इलाज के दौरान घायल ने बताया कि वह रोजाना की तरह अपने काम से वापिस घर पर लौट रहा था। जहा रास्ते मे एक बाइक सवार दो अज्ञात



युवकों ने उनकी कार के आगे बाइक लगाकर सड़क किनारे उन्हें रोककर उनपर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने उसकी कार के शीशे भी तोड़ दिए। घायल अवस्था में शंकर राणा को राहगीरों की मदद से तुरंत लुधियाना सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनके सिर और मुँह पर गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। वही घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने उक्त सारी घटना की वीडियो अपने फोन में बने इसके बाद उन्होंने यह वीडियो पुलिस और घायल के परिजनों को दी।

जागरूकता • पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के ट्रैफिक क्लब ने कक्षा सातवीं के छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम करवाया

## डीएवी स्कूल के छात्रों ने चिल्ड्रन पार्क में सड़क सुरक्षा के गुर समझे

समर न्यूज़ | लुधियाना

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के ट्रैफिक क्लब ने कक्षा सातवीं के छात्रों के लिए चिल्ड्रन पार्क में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को यातायात नियमों और सुरक्षित सड़क व्यवहार के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल जसवीर सिंह, पंकज तिवारी और सुरक्षा समन्वयक काजल सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को हेलमेट पहनने के सही तरीकों, सड़क चिह्नों की पहचान, सुरक्षित ओवरटेक और कम उम्र में वाहन चलाने के खतरों के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने सड़क पर लापरवाही के गंभीर परिणामों पर भी प्रकाश डाला।

छात्रों ने वास्तविक जीवन के यातायात परिदृश्यों का अवलोकन किया और इंटरैक्टिव शिक्षण गतिविधियों में भाग लेकर अपने ज्ञान को और प्रायोगिक रूप दिया। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. अनु वर्मा ने वक्ताओं और ट्रैफिक क्लब के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को सड़क सुरक्षा के व्यावहारिक ज्ञान से समृद्ध करने और उन्हें ज़िम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने में सहायक होते हैं।


पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल, लुधियाना के छात्रों ने चिल्ड्रन पार्क में ली सड़क सुरक्षा की शिक्षा।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 51